डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22

R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746

मीडिया दृष्टिकोण

वर्ष : 10 > अंक : 07 > मूल्य: 10 रुपए >पृष्ठ : 08

# हिलव्यू समाचार

सच की आवाज़ शिखर तक पहुंचती ही है।
-शालिनी श्रीवास्तव

website: www.hsnews.in

साप्ताहिक समाचार पत्र

जयपुर, सोमवार, 07 अगस्त 2023

## बीजेपी नेता रवि नैय्यर का क्या यही है वास्तविक रूप?

(एक साथ इतनी धाराएँ? बड़े लोग बड़ी-बड़ी धाराएँ!)

# राजापार्क व्यापार मंडल अध्यक्ष, बीजेपी व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक रवि नैय्यर के ख़िलाफ़ धारा 354 सहित 323, 341, 504 व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

### गुंडागर्दी का आलम ऐसा की सरेआम महिला की अस्मिता से छेड़छाड़ और पिस्तौल निकाल कर जान से मारने के ख़िलाफ़ हुई है FIR दर्ज ?

शालिनी श्रीवास्तव

**जयपुर**। 21 मई 2023 को आदर्शनगर स्थित आर्य समाज में साप्ताहिक सत्संग में आये दंपत्ति के साथ दुर्व्यवहार ही नहीं महिला के साथ बदसलूकी सहित पिस्तौल निकाल कर जान से मारने की धमकी देने वाला रवि नैय्यर राजापार्क व्यापार मंडल अध्यक्ष, बीजेपी व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक,गौ सेवक और समाज सेवक के रूप में समाज में अपनी पहचान रखता है।

जानकार सूत्रों से ज्ञात हुआ कि अमुक पति-पत्नी राजापार्क स्थित आर्य समाज मन्दिर में काफी लंबे समय से जुड़े हुए हैं। वैश्विक महामारी कोरोना के कारण कुछ समय के लिए मन्दिर में सेवा कार्य हेतु वे नहीं आये किंतु आर्य समाज से कुछ उधार कोरोना के वक़्त इन्होंने लिया जिसे सेवा कार्य से मिलने वाली राशि में ही समायोजित करवाने का निर्णय आर्य समाज प्रबन्धन के साथ हुआ था किंतु आर्य समाज से ही सेवा कार्य की राशि समय पर न मिलने से उधार समायोजित नहीं हो पाया।

इसी मुद्दे को लेकर राजापार्क व्यापार मंडल अध्यक्ष और भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक नेता रवि नैय्यर ने अपने कुछ समर्थकों के साथ दम्पति के साथ 21 मई को सुबह 9-10 बजे के बीच सड़क पर मारपीट की। पिस्तौल उनके सामने तानकर जान से मारने की धमकी दी। महिला के साथ बदसलूकी की और उसकी अस्मत पर हाथ डालने की कोशिश भी की जैसा कि दिनाँक 23 जुलाई 2023 की FIR 0256/2023 में प्रकरण दर्ज है।

जबकि जानकार सूत्रों ने बताया कि रवि नैय्यर का आर्य समाज के प्रबंधन और कमेटी में कोई दख़ल नहीं है न ही वो आर्य समाज का कोई कार्यकर्ता या सदस्य है।

मारपीट के बाद थोड़ा संभलने पर जब महिला ने आदर्श नगर थाने में एफआईआर दर्ज़ करने की कोशिश की तो आदर्शनगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज़ नहीं की और टाल दिया और बल्कि पीड़ित पक्ष को ही समझाया और डराया कि रवि नैय्यर भाजपा में राजनैतिक रसूख वाला आदमी है। उसकी भारतीय जनता पार्टी में बहुत तगड़ी साख है तो कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता है।अंत मे थक-हार कर पीड़ित पक्ष ने कोर्ट के माध्यम से अपनी शिक़ायत दर्ज़ करवाई तब जाकर प्रकरण 21 मई 2023 की घटना की एफआईआर 27 जुलाई 2023 को दर्ज़ हुई।



*उस महिला के पति आर्य समाज से ही हैं। इनके पति ने आर्य समाज में डेयरी के लिए किराए पर दुकान ली थी और बेरोजगार होने के कारण पूर्व अध्यक्ष सतवीर जी के समय आर्य समाज संस्था से पैसे उधार भी दिए गए थे लेकिन पैसे वापसी नहीं किये गए। 21 मई को यह दंपत्ति जब अचानक 2 साल बाद हवन पर आए तब इनसे पैसे का तकाज़ा करने पर यह सब हुआ है। आर्य समाज में कैमरे लगे हैं और प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ की जा सकती है इस विषय में। जाँच का विषय है पुलिस जाँच करें मामले की।*

***रवि नैय्यर, राजापार्क व्यापार मण्डल अध्यक्ष, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक, जयपुर***

**जिस तरह से हर राजैनतिक रसूख व समाज में दबदबा रखने वाले व्यक्ति के ख़िलाफ़ दर्ज होने वाले मामलों में पुलिस का जो ढुलमुल रवैया रहता है वैसा ही आदर्शनगर थाने में भी देखने को मिला। एक तरफ़ प्रदेश में नहीं पूरे देश में महिला सशक्तिकरण की बात की जाती है। महिलाओं की अस्मिता की सुरक्षा की चर्चा लगातार सुर्खियों में रहती है वहीं दूसरी तरफ महिलाओं के साथ इस तरह के शर्मनाक व्यवहार की घटनाएँ आम हो गईं हैं।**



*मैंने जो FIR में प्रकरण दिया है वही मामला है। मेरी रवि नैय्यर से कोई निजी दुश्मनी, रंजिश या झगड़ा नहीं था फिर उन्होंने ऐसा क्यों किया मुझे नहीं पता। मुझे न्याय चाहिए। मैंने FIR दर्ज करवा दी है।*

***पीड़ित महिला***



*यह जाँच का विषय है और इसके जाँच अधिकारी यूनुस अली हैं। मैंने अभी 02 दिन पूर्व की जॉइन किया है मामले की पूरी जाँच होगी और जाँच के आधार पर उचित कार्यवाही होगी-*

***कमल नयन, थानाधिकारी, आदर्शनगर थाना, जयपुर***



FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 154 Cr.P.C.)

1. District — P.S. — Year 2023
2. FIR No. 0256 — Date and Time of FIR 23/07/2023 01:24
Sections: 341, 323, 354, 504, 3, 25
3. (a) Occurrence of offence: Date From 21/05/2023 — Date To 21/05/2023; Time From 00:00 — Time To 00:00
(b) Information received at P.S. Date 23/07/2023 — Time 01:09
(c) General Diary Reference Entry No. 002 — Date & Time 23/07/2023 01:09:00
4. Type of Information
5. Place of Occurrence
1. (a) Direction and distance from P.S. — Beat No.
(b) Address: arya samaj, ADARSH NAGAR JAIPUR

- पुलिस का रवैय्या बहुत ढीला,डरा देने,थका देने वाला ही मिलता है,आख़िर क्यों?
- आख़िर क्यों हर FIR आजकल कोर्ट के आदेश के बाद ही दर्ज हो रहीं हैं?
- क्या यही है शासन-प्रशासन और सभ्य समाज का असली चेहरा?
- वजह चाहे जो भी हो समाज के ठेकेदार बनकर बैठने वाले ही जब खुलेआम इस तरह की शर्मनाक घटनाओं को अंज़ाम देते हैं तो यह सोचने का बहुत गम्भीर विषय बन जाता है आख़िरकार आम जनता किस पर और कैसे भरोसा करें?
- हो सकता है दंपत्ति लेन-देन के मामले को लेकर थोड़ा ग़लती पर रहे हों लेकिन इसके लिए आर्य समाज के प्रबंधन को क़दम उठाना था या क़ानूनी प्रक्रिया अपनानी थी न कि गुंडों-दादाओं के माध्यम से वसूली करने का रास्ता अपनाना चाहिए था।

**इस संबंध में आर्य समाज के प्रबंधन से भी हिलव्यू समाचार की टीम जल्द ही टिप्पणी लेगी।**

मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र का यह मामला है। ऐसे में स्थानीय विधायक कालीचरण सर्राफ और पार्षद महिला स्वाति परनामी की निष्क्रियता और मौन मूक स्थिति कई प्रश्न खड़े करती है कि क्या भाजपा अपने नेताओं को खुले आम गुंडागर्दी करने की अनुमति और सहमति दे रही है। वार्ड 149 पार्षद स्वाति परनामी यूँ तो महिला सुरक्षा के मुद्दों पर झंडे गाड़ती नज़र आने का दावा करती हैं फिर यहाँ किस दबाव से चुप्पी साध गयीं हैं यह सोचने का विषय है।

नि:संदेह पीड़ित पक्ष विधायक और पार्षद के स्थानीय क्षेत्र के रहवासी नहीं है पर एक महिला पर अपने क्षेत्र में होने वाले अत्याचार पर चुप रहने वाले जनप्रतिनिधियों से जनता क्या अपेक्षा रख सकती है भविष्य में?

शासन-प्रशासन के मुँह पर तो महिलाओं के साथ होते उत्पीड़न, छेड़छाड़, बदतमीजी, बलात्कार के होते हादसे ज़ोरदार तमाचा हैं ही लेकिन आम जनता की चुप्पी और निष्क्रियता के कारण ही यह हादसे समाज में ग्रहण की तरह लगे हुए हैं।

## ख़बर-बेख़बर

# 3 बजे से पहले नगर निगम ग्रेटर पर रहता है ताला या जनता को जाता है टाला

### आम नागरिक बनाम आगंतुकों का 3 बजे दोपहर से पहले प्रवेश है निषेध नगर निगम ग्रेटर में....आख़िर क्यों? नगर निगम ग्रेटर आयुक्त महेंद्र सोनी का है यह हिटलरी फ़रमान!

हिलव्यू समाचार

**जयपुर**। नगर निगम ग्रेटर जयपुर के हालात दिन-ब-दिन नाकारा होते जा रहे हैं जहाँ एक ओर शहरों में बढ़ती आबादी और शहरीकरण को सुव्यवस्थित और प्रबन्धित करने के उद्देश्य से नगर निगम,नगर परिषद या नगरपालिकाओं का गठन किया गया वहीं दूसरी ओर ये स्थानीय निकाय सिरमौर बन बैठे जनता के लेकिन जनता के लिए ही इनके पास समय नहीं रहा। जबकि इन निकायों की स्थापना शहरी व ग्रामीण वातावरण निर्माण,साफ-सफाई व्यवस्था,आवश्यक सामुदायिक सेवाएँ प्रदान करने हेतु किया गया था और राज्य सरकारों की यह एक महत्वपूर्ण शक्ति है लेकिन इसकी लापरवाही और निरंकुशता जनता के अधिकारों का ही हनन करने का कारण बनने लगी है।

आम आदमी की आम समस्याओं के समाधान के लिए बनी यह सुविधा, सुविधा नहीं बल्कि दुविधा बन गयी है क्योंकि दोपहर 3 बजे तक साहबों के पास समय नहीं मिलने का ...आख़िर क्यों?

दूर-दराज़ गाँव से आने वाले कैसे पाएंगे अपनी समस्या का समाधान?

मेयर नगर निगम ग्रेटर सौम्या गुर्ज़र ने कहतीं हैं मैं तो मिलती हूँ सुबह 09 बजे से आम जनता से फिर किसने जारी कर रखा है यह हिटलरी फ़रमान !जानकार सूत्रों से ज्ञात हुआ कि नगर निगम आयुक्त महेंद्र सोनी के आदेशों की पालना में यह आदेश मुख्य व पीछे के द्वार पर चस्पा किया गया है।और दोपहर 03 बजे से पहले किसी भी आगंतुक का प्रवेश बिल्कुल निषेध है।जबकि नगर निगम की नींव का आधार ही है नागरिकों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना।समय की पाबंदी भी इतनी कठोर कि 2-3 घण्टे मात्र ही मिलेंगे सैकडों आगन्तुकों को अगर भीड़ अधिक है तो हैरान,परेशान और निराश लौटिए आप और फिर कल आइये और कल भी काम न हो तो परसों आइये क्योंकि 6 बजे तो ताला लग जाता है निगम का आख़िर यह नगर निगम है या नकारा निगम?

पूछती है आम जनता!!

*साहब व्यस्त है समय नहीं है मिलने का..... कहाँ व्यस्त हैं जनता को तो 3 बजे तक गेट पर टँगवा रखा है फिर साहब कहाँ व्यस्त हैं?*



*बेहद व्यस्त आयुक्त महेंद्र सोनी, नगर निगम ग्रेटर जयपुर*



*मैं तो सुबह 9.30 से ही आम जनता और सभी से मिलती हूँ। मुझे इस बात का पता नहीं कि यह जनता के 03 बजे के बाद प्रवेश का आदेश किसने दिया ? मैं देखती हूँ इस मामले को!*

***सौम्या गुर्जर, मेयर नगर निगम ग्रेटर जयपुर***



*निगम में जनता का 03 बजे से पहले प्रवेश निषेध होना बड़ा ही आश्चर्यजनक आदेश है क्योंकि निगम तो है ही जनता की सुविधा व सेवा के लिए फिर जब सुबह कार्यालय समय से 3 बजे तक जनता ही नहीं होगी तो कार्यालय में क्या काम रह जायेगा। यह ग़लत है जनता के लिए मिलने जुलने का समय 11 बजे से 4 बजे तक करना चाहिए और शेष समय में प्रबन्धन कार्य होना चाहिए।*

***वार्ड नं.131 पार्षद गोविंद छीपा***

# हमको नहीं पहले पड़ौसियों को राजी करो हम तो साथ हैं: आदर्शनगर नगर निगम हैरीटेज

### पड़ौसी से समझौते के बाद प्लॉट C-24 का अवैध निर्माण कार्य शुरू, आदर्शनगर जोन निगम का मिल रहा अब पूरा सहयोग, परमिशन के इतर जाकर हो रहा अवैध निर्माण



*C-24, सिंधी कॉलोनी*

**कुलदीप गुप्ता**

**जयपुर।** आदर्शनगर जोन नगर निगम हैरीटेज का भ्रष्टाचार प्रमाणित है कि अवैध निर्माणों का भर्ती का काम शुरू होकर तेज़ी से बहुमंज़िला बिल्डिंग में बदल जाता है लेकिन निगम के कान में जूं नहीं रेंगती। जेईएन विजेंद्र मीणा से मिलकर बिल्डर्स बेख़ौफ़ हो जाते हैं। विधायक रफ़ीक़ ख़ान का आशीर्वाद प्राप्त जेईएन और अन्य भ्रष्ट कर्मचारियों की चाँदी ही चाँदी है। C-24,सिंधी कॉलोनी के मालिक दिशान्त नागपाल ने पड़ौसी को शीशे में उतार ही लिया निगम तो इसी के इंतज़ार में था और मिलीभगत सांठगांठ से फिर धड़ल्ले से अवैध निर्माण शुरू हो गया।आस-पड़ौस के विरोध के चलते रुका हुआ था काम अब समझौते के साथ मिल रहा सहयोग भी। ज़ीरो सेटबैक,पेंट हाउस या बेसमेंट प्लान में हैं जो जल्द अपना रूप ले लेंगे। आदर्शनगर नगर निगम हेरिटेज के हर गली मोहल्ले में अवैध निर्माण इस वक़्त ज़ोरों पर हैं।

### उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन से आश्वस्त हैं पंचवटी सर्कल के भूमाफिया?

# जाँच एजेंसियों से ही है अपेक्षा कि होगी कड़ी कार्यवाही सरकार की पंचवटी सर्कल की करोड़ों की ज़मीनों पर ?

**क्या केवल ईडी, एसीबी, इनकमटैक्स विभाग ही बनेंगे इस तरह के मामलों को जड़ से उखाड़ कर ख़त्म करने का माध्यम?**

**पंचवटी सर्कल पर सहकारिता विभाग और शिक्षा विभाग की करोड़ों की ज़मीन पर भूमाफियाओं का कब्जा प्रशासनिक और शासनिक गलियारों के भ्रष्टाचार की बदबू को उजागर कर रहा है।**











**शालिनी श्रीवास्तव**

**जयपुर**। अपराध को पनपाने में नेताओं और अधिकारियों का भी होता है हाथ। जिसकी वजह से भूमाफ़ियाओं, ब्याज़ माफ़ियाओं, बजरी माफ़ियाओं, नशा माफ़ियाओं, सैक्स रैकिट माफ़ियाओं, ठेला माफ़ियाओं को पनपने व जड़ फैलाने को पूरी खाद व पानी मिलता रहता है। इन भ्रष्ट नेताओं और अधिकारियों के कारण ही अवैधानिक कार्यों को पोषण और संरक्षण मिलता रहता है और इन माफ़ियाओं के हौसले बुलंद होते जाते हैं।

लेकिन हर अपराध का अंत ज़रूर होता है चाहे दो दिन पहले हो या दो दिन बाद क्योंकि नियति का काल चक्र अपनी गति से चलता है और तय समय पर न्याय ज़रुर करता है ।

करोड़ों रुपये की पंचवटी सर्किल की सरकारी ज़मीन पर भूमाफ़ियाओं के द्वारा सरेआम गुंडागर्दी कर कब्ज़ा करके अवैध निर्माण किया गया है उसकी बानगी का आलम ऐसा है कि

भू माफ़िया खुलेआम कहते है कि- 'अधिकारी का हाथ सिर पर है तो डर किस बात का है?'

अधिकारी व नेता बड़ी दबंगता से कहते हैं कि- 'जब तक हम बैठे हैं कुछ नहीं होने देंगे,बस तुम हमारा ख़्याल रखते रहना बाकी हम सब सम्भाल लेंगे?'

हर अपराध को इन्हीं बातों से हवा मिल रही है। अपराध को अगर राजनैतिक व प्रशासनिक संरक्षण मिलना बंद हो जाये तो अपराधियों की इतनी हिम्मत नहीं कि किसी भी तरह का कोई अपराध कर सकें हालांकि इन अपराधियों के हौसले बुलंद करने में आम जनता का भी उतना ही योगदान होता है जितना कि अधिकारियों व राजैनतिक आकाओं का होता है। अगर आम जनता एक बार इन गुंडों से डरना बन्द कर इनके ख़िलाफ़ आवाज़ बुलंद कर दे तो इन गुंडों की मज़ाल नहीं कि ये किसी भी तरह का कोई आपराधिक प्रवृत्ति को अंजाम दे सकें।

शासन से लेकर प्रशासन तक और राजनैतिक व प्रशासनिक गलियारों में निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर के लोगों में भ्रष्टाचार इस तरह काबिज़ हो गया है कि गाँधी जी के तीन बंदर का सिद्धांत इन लोगों ने ही अपना लिया है। न सुनते हैं न देखते हैं न विरोध यानी कार्यवाही करते हैं। अपने घर के ख़ज़ाने भरने में हर नेता,अधिकारी और कर्मचारी व्यस्त है। समाज और समाज के प्रति दायित्व जाएँ भाड़ में,इन्हें कोई सरोकार नहीं।


लेकिन हिलव्यू समाचार ने इस मुहिम को लगातार चलाया है और अब अंतिम मोहर लगाने की ठान ली है और अब यह मामला मुख्य सचिव राजस्थान सरकार,ईडी,एसीबी, इनकमटैक्स व पुलिस विभाग,नगर निगम ग्रेटर मेयर और आयुक्त सहित मालवीयनगर उपायुक्त के संज्ञान में लिखित रूप में मय दस्तावेज़ प्रस्तुत किया जा चुका है और लगातार किया जा रहा है। परिणाम जो भी हो लेकिन जाँच एजेंसियों पर पूरा भरोसा है कि इस मामले पर जल्द ही कार्यवाही शुरू होगी। अगले आगामी अंकों में एक-एक कर भूमाफिया के फ़ोटो, इतिहास और अवैध संपत्तियों व ठिकानों के बारे में प्रकाशन किया जाएगा ताकि आम जनता जान सके कि शॉर्टकट से कैसे और किस तरह यह माफ़िया करोड़पति और अरबपति बने ? किन-किन अपराधों की गन्दी गलियों में इन्होंने दिन व रात गुज़ारे? किन-किन अपराधों से इन्होंने कितनी अवैध अकूत संपत्ति कमाई और कहाँ-कहाँ इन्वेस्ट कर रखी है। इस विषय में जाँच एजेंसी अपना काम करेंगी और हिलव्यू समाचार टीम अपनी गति और रफ़्तार से काम करेगी।

समाज के हित में किसी भी सामाजिक, सार्वजनिक मुद्दे पर संपर्क करें - 7976561127

## सम्पादकीय

# फैसलों में कानूनी आधार अधिक समावेशित हों

राहुल गांधी को मोदी सरनेम वाले मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने से निचली अदालतों की न्याय प्रक्रिया के आधार उजागर हुए हैं। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी अधिक महत्वपूर्ण है। उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि 'निचली अदालत के न्यायाधीश ने राहुल गांधी को दोषी ठहराते समय कोई कारण नहीं बताया, सिवाय इसके कि उन्हें अवमानना मामले में शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी थी।' शीर्ष अदालत ने राफेल मामले के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ उनकी ''चौकीदार चोर है'' टिप्पणी को गलत तरीके से बताने के लिए राहुल गांधी द्वारा बिना शर्त माफी के बाद उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही बंद करते हुए भविष्य में उन्हें और अधिक सावधान रहने की चेतावनी दी थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि जहां तक दोषसिद्धि का सवाल है, भारतीय दंड संहिता की धारा 499 (मानहानि) के तहत दंडनीय अपराध के लिए सजा अधिकतम दो साल की कैद या जुर्माना या दोनों है और निचली अदालत ने अधिकतम दो वर्ष की सजा सुनाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'केवल निचली अदालत के न्यायाधीश द्वारा सुनाई गई इस अधिकतम सजा के कारण, वे (राहुल) जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के दायरे में आ गए।' पीठ ने कहा, 'यदि सजा एक दिन कम होती, तो प्रावधान लागू नहीं होते, खासकर जब कोई अपराध गैर संज्ञेय, जमानती और समझौता योग्य हो। निचली अदालत के न्यायाधीश से कम से कम यह अपेक्षा थी कि वह अधिकतम सजा देने के लिए कुछ कारण बताते। हालांकि अपीलीय अदालत और उच्च न्यायालय ने दोषसिद्धि पर रोक को खारिज करने के लिए काफी पन्ने भरे हैं, लेकिन उनके आदेशों में इन पहलुओं पर विचार नहीं किया गया है।' शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी भी महत्वपूर्ण है कि राहुल गांधी की दोषसिद्धि और उसके बाद संसद की सदस्यता से अयोग्य करार दिया जाने ने न केवल सार्वजनिक जीवन में बने रहने के उनके अधिकार को प्रभावित किया, बल्कि मतदाताओं के अधिकार को भी प्रभावित किया, जिन्होंने उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना था। देश की निचली अदालतों को सुप्रीम कोर्ट की इस अहम बात को सबक की तरह लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है, हालांकि यह कब होगा, सब लोकसभा सचिवालय पर निर्भर करेगा। सांसदी रद करने में सचिवालय ने 24 घंटे भी नहीं लगाए थे। अब लोकसभा सचिवालय की परीक्षा है। राहुल को राहत मिलने से विपक्ष की राजनीति तेज हो सकती है। यह पहली बार नहीं है कि निचली अदालत के फैसले उच्चतम न्यायालय में 360 डिग्री पलट गए हों, लेकिन राहुल मामले में फैसले देने में निचली अदालत व हाईकोर्ट ने कानूनी आधार की गहन विवेचना नहीं की, सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से ऐसा प्रतीत होता है। देश की अदालतों को देखना होगा कि अगर उनके फैसले से किसी का जीवन गहरे तक प्रभावित होने वाला है, तो कानून के हर पहलू का गहन अध्ययन व विश्लेषण आवश्यक है। फैसले व्यापक कानूनी आधार पर ही होने चाहिए। देश में पांच करोड़ केस लंबे समय से विभिन्न अदालतों में पेंडिंग हैं, लेकिन कुछेक मामलों में देश की अदालतें जल्दीबाजी में दिखती हैं। लोगों का भरोसा अदालतों पर है, इसलिए अदालतों को अधिक संजीदगी से काम करना चाहिए। राहुल के खिलाफ अभी चार और मामले अदालतों में हैं।



## सिरहनामा
कनक तिवारी

सदियों से विचारशीलता के इन्डेक्स पर भारत दुनिया का सिरमौर रहा। ज्ञान विज्ञान के कई इलाकों में भारतीय झंडा ही बुलंद रहा। अंगरेजों से आजादी पाने के संघर्षशील दौर में कई वैचारिकों ने देश की अगुवाई की। ज्यादातर यूरोप और खासकर इंग्लैंड में ऊंची तालीम हासिल कर हमारे पूर्वजों ने राजनीति, कूटनीति, अंतर्राष्ट्रीयता और मानव मूल्यों के क्षेत्रों में अंगरेज कौम को मुकम्मिल तौर पर परास्त कर आजादी हासिल की। स्वतंत्रता आंदोलन के महान नेता तिलक, गांधी, नेहरू, सुभाष बोस, लोहिया, जयप्रकाश वगैरह अंतर्राष्ट्रीय शोहरत के रहे।

# गमले में बरगद !

भारत तरह तरह की चुनौतियों, आकस्मिकताओं, कारगुजारियों, संभावनाओं और प्रयोगों के दौर से गुज़र रहा है। दुनिया विचारों की जद्दोजहद में कभी परस्पर सीखती, सहकार करती और मतभेद होने पर भी साथ साथ चलने की नीयत और जोखिम तक उठाती रही थी। भारत की वैचारिकी ने दुनियावी उपलब्धियों से बेरुख या लास्य रहित होकर भी पूरे संसार के सामने मार्गदर्शक प्रतिमान कायम किए थे कि तमाम देश उनमें अपना भी परिपाक और भविष्य ढूंढ़ लेते रहते थे। अठारहवीं सदी तक भारत आज की तरह गरीब नहीं था। आधुनिक इतिहास में कई शोधों ने सिद्ध किया है कि भारत पर यूरोपीय देशों के हमले उसकी अमीरी के कारण हुए। उनसे पहले मुस्लिम हमले भी हुए। हर हमलावर ज्यादा से ज्यादा दौलत भारत से लूटकर अपने मादरे वतन तक ले जाता रहता। अन्त में अंगरेजों ने कैंसर के विषाणु बनकर चूसा और भारत के गरीब होने का लगातार प्रचार भी किया।

सदियों से विचारशीलता के इन्डेक्स पर भारत दुनिया का सिरमौर रहा। ज्ञान विज्ञान के कई इलाकों में भारतीय झंडा ही बुलंद रहा। अंगरेजों से आज़ादी पाने के संघर्षशील दौर में कई वैचारिकों ने देश की अगुवाई की। ज़्यादातर यूरोप और खासकर इंग्लैंड में ऊंची तालीम हासिल कर हमारे पूर्वजों ने राजनीति, कूटनीति, अंतर्राष्ट्रीयता और मानव मूल्यों के क्षेत्रों में अंगरेज कौम को मुकम्मिल तौर पर परास्त कर आज़ादी हासिल की। स्वतंत्रता आंदोलन के महान नेता तिलक, गांधी, नेहरू, सुभाष बोस, लोहिया, जयप्रकाश वगैरह अंतर्राष्ट्रीय शोहरत के रहे। उनके विचारों की धमक आज भी पूरी दुनिया में है। संस्कृति में भी भारत के विचारों की अनुगूंज दयानंद सरस्वती, रवीन्द्रनाथ टैगोर, विवेकानन्द, काजी नजरुल इस्लाम, मौलाना आज़ाद, सुब्रमण्यम भारती और न जाने कितने सूरमाओं की आज भी सुनाई पड़ती है। पहले प्रधानमंत्री नेहरू की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति आज भी लोकप्रियता की ऊंची पायदान पर है। यह अलग है कि बाद में सियासतदां लोगों में उतनी रचनात्मक प्रतिभा धूमिल होने लगी जो संविधान सभा में डा. अम्बेडकर, डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, प्रो. के. टी. शाह, शिब्बनलाल सक्सेना, विशंभरदयाल त्रिपाठी, दामोदर स्वरूप सेठ, हरिविष्णु कामथ, हृदयनाथ कुंजरू, कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी, मौलाना हसरत मोहानी और नजीरुद्दीन आदि में लहराई थी। वक्त बीतता गया। भारतीय आज़ादी के 75 साल हो गए और संविधान निर्माण के भी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे अमृतकाल कह दिया। विज्ञान और तकनॉलॉजी के कारण ज्ञान के माध्यम अब किताबें, पुस्तकालय, आपसी विमर्श, व्याख्यान और शोध प्रकल्प नहीं रह गए हैं। उनसे कहीं ज़्यादा नौजवानों की दुनिया सोशल मीडिया पर व्हाटसएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर पर चहलकदमी करती है। नई पौध अध्ययनविरत है। उसे ऑन लाइन ज्ञान चाहिए जिस तरह रेस्टॉरेन्ट से भोजन को घर से ऑनलाइन बुलाने का ऑडर दिया जाता है। सत्ताभिमुख राजनेताओं का बौद्धिक स्तर इस कदर गिर गया है कि कई को भारत के नक्शे में कुछ प्रमुख कस्बे तक ढूंढ़ने में कठिनाई होगी। इतिहास और समाज का उनका ज्ञान बहुत खराब, बेतरतीब और अफवाहों, किंवदंतियों और चरित्र हत्या के उद्धरणों से अंटा पड़ा है। किसी भी मुद्दे पर फैसला देने तत्काल फतवा सुना देते हैं।



खुद को देश की बौद्धिक मिल्कियत बने रहने का ख्वाब, दंभ, अहसास और मुगालता पाले हुए हैं। इनकी जबान पर चस्पा है कि गांधी ने ऐसे काम किए थे कि गोडसे ने उन्हें ठीक ही मारा। अपने खानदान और परिवार में पता हो न हो लेकिन नेहरू के पूर्वज मुसलमान हैं। ऐसा व्हाट्सएप विश्वविद्यालय में सैकड़ों की संख्या में लिखते हैं। इनकी रटंत में भारत में पिछले 70 वर्षों में कोई अच्छा काम हुआ ही नहीं। आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और आत्ममुग्धता में आजादी का नया युग तो अभी अभी आया है। इन्होंने श्यामाप्रसाद मुखर्जी का संविधान सभा में दिया गया योगदान पढ़ा ही नहीं होगा। किस कदर दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय जनसंघ की स्थापना के बाद सत्ता के हर स्तर पर विकेन्द्रीकरण और स्वदेशी का प्रचार अपने प्रसिद्ध एकात्म मानववाद वाले व्याख्यानों में किया है। यह भी भाजपा अध्यक्ष बनने पर अटल बिहारी वाजपेयी ने गांधीवादी समाजवाद को पार्टी का नीति वाक्य बनाकर अपनाया था। इन्होंने सुना पढ़ा नहीं होगा। गांधी की आत्मकथा, और हिन्द स्वराज, या नेहरू की विश्व इतिहास की झलक, भारत की खोज जैसी किताबों को छूने से ये लोग डरते हैं। सबसे युवा लेकिन बड़े बुद्धिजीवी भगतसिंह का लेखन ऐसे लोग पढ़ लें, तो दुनिया को समझने उनकी आंखें खुल जाएं। दकियानूस बना दी गईं स्त्रियां भी प्लास्टिक की पिस्तौल से गांधी की आलोचना करते उनके चित्र पर गोलियां दागती देखी जाती हैं। निन्दा, अफवाह, चरित्र हत्या की बानगी को इतिहास कहा जा रहा है। कठिन आर्थिक हालत के चलते अधिकांश युवजन के पास नौकरी और रोजगार नहीं हैं। निजी क्षेत्र इन्हें बेतरह प्रताड़ति करता रहता। तब भी पूरा वेतन नहीं देता। प्राध्यापक भी महाविद्यालयों में अध्यवसाय, उपलब्धि और प्रतिष्ठा का परचम कहां फहरा पाते हैं? सजायाफ्ता या मुलजिम बने विधायक और सांसद देश की प्रज्ञा के कर्णधार हो गए हैं। अपने अपराधी स्वभाव और भ्रष्ट आचरण के चलते राजनीति को नाबदान बनाते रहने की उनकी कोशिशें पूरी असफल भी नहीं होतीं। आज़ादी के दौर के महान बौद्धिक सूरमाओं के उलट अब विधायकों के नाम पर विश्वविद्यालय बन रहे हैं। ऐसी हुकूमत से बौद्धिकता की कितनी उम्मीद की जा सकती है? भारतीय विश्वविद्यालयों के नाम दुनिया की पहले दो सौ शिक्षण संस्थाओं में भी नहीं है। उच्च शिक्षा के लिए परिवार के आर्थिक हालत तक को तहसनहस कर विदेश जाना कुछ चुनिंदा जहीन बच्चों का आत्ममुग्ध करतब बन रहा है। पत्रकारिता, नागरिक आज़ादी, स्वास्थ्य, साक्षरता, आहार, पोषण जैसे तमाम इलाकों में भारत पूरी दुनिया में सबसे निचले स्तर तक फिसल गया है। अस्सी करोड़ नागरिकों को हर महीने पांच किलो अनाज मुफ्त मिलना देश की तरक्की का पैमाना बन गया है। न्यायपालिका में काबिलियत के आधार पर जजों की चयन और नियुक्ति की प्रकिया इतनी प्रदूषित हो चुकी है कि लगता है न्यायालय बेइंसाफी की मशीनरी बनाए जा रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े कानूनों को एकजाई कर आईन बनाने में हमारे संविधान निर्माता रहे हैं। आला दर्जे के बैरिस्टर भूलाभाई देसाई, मोतीलाल नेहरू, मोहम्मद अली जिन्ना, चितरंजन दास जैसे कितने इतिहास की खिड़कियों से आज की पीढ़ी को झांक रहे होंगे। हमारी आजादी की जंग के सूरमा यदि बुद्धिजीवी नहीं होते तो कुटिल अंगरेजों से वार्ता की टेबल पर हम ठगे जाते। उन्होंने तालीम हासिल कर देश को आजाद करने अपनी जिंदगियां होम कर दीं। आज इने गिने जहीन विद्यार्थी विदेशों की चाकरी करना जीवन का मकसद समझते हैं। अपना एकल परिवार लेकर वहां बसकर वतन नहीं लौटना चाहते। मां बाप को बहुत ज्यादा हुआ, तो ओल्ड होम में भर्ती करा देते या मां बाप की सम्पत्तियां भी हड़पकर उन्हें मरने खपने छोड़ देते हैं। अजीब दौर है। कुकुरमुत्ता बना अज्ञान उग रहा। मुंह छिपाता ज्ञान बिसूर रहा। बरगद, पीपल, नीम, अमरूद जैसी कदकाठी के हमारे पुरखों के बड़े पेड़ों की जगह बोनसाइ प्रजाति के कुछ साक्षर युवा हैं। बाकी खामख्याली में हैं कि वे अपनी शख्सियत के गमले में दुनिया के सबसे बड़े आलिम फाजिल बनकर बरबद जैसे पेड़ हथेली पर उगा लेंगे।

## सारा संसार



द्वारका में स्थित नागेश्वर मंदिर भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह गुजरात में सौराष्ट्र के तट पर गोमती द्वारका और बैत द्वारका द्वीप के बीच मार्ग पर स्थित है। यहाँ के मुख्य देवता भगवान शिव हैं, जिन्हें नागेश्वर महादेव के नाम से जाना जाता है। शिव पुराण के अनुसार, जो लोग नागेश्वर ज्योतिर्लिंग में प्रार्थना करते हैं, वे सभी विषों, सांपों के काटने और सांसारिक आकर्षण से मुक्त हो जाते हैं। यहां लिंग दक्षिण की ओर है। नागेश्वर मंदिर का एक प्रमुख आकर्षण भगवान शिव की 80 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा है।


## मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित
दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं।

## तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## दरकार
बालमुकुन्द ओझा



# नफरती भाषणों पर रोक लगे

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार दोहराया है कि सरकार यह सुनिश्चित करे कि किसी भी समुदाय के खिलाफ कोई नफरत भरा भाषण न दिया जाए। कोर्ट ने इससे पूर्व 2022 के एक आदेश का दायरा बढ़ाते हुए कहा कि अगर राज्य और केंद्रशासित प्रदेश बिना शिकायत के भी नफरत फैलाने वाले भाषण देने वालों पर एफआईआर दर्ज नहीं करवाई तो इसे अदालत की अवमानना माना जाएगा। नेताओं के भाषणों में और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नफरत, झूठ, अपशब्द और असंसदीय भाषा का प्रयोग देखा जा सकता है। स्वस्थ आलोचना से लोकतंत्र सशक्त, व नफरत भरे बोल से कमजोर होता है। आलोचना का जवाब दिया जा सकता है, मगर नफरत के आरोपों का नहीं। चुनाव आते ही नेताओं की बांछे खिल जाती हैं। भाषणों में नफरत के तीर चलने लग जाते हैं। सियासी शत्रुता के गुबार फूटने लगते हैं। नीतियों और मुद्दों की बाते गौण हो जाती हैं। देश में संसद और संसद के बाहर नफरत के बोलों से लोकतंत्र पर खतरा मंडराने लगा है। संसद के बजट सत्र की शुरुआत लगता है नफरत भरे बयानों से हुई है। यह सही है की कांग्रेस के सत्ताच्युत होने और मोदी के सत्तासीन होने के बाद देश में नफरत के बादल मंडराने शुरू हो गए थे। विशेषकर मोदी के खिलाफ जिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया वे घोर असंसदीय थे। इसके विरोध में कांग्रेस नेता सोनिया और राहुल गांधी को भी उनके विरोधियों ने नहीं बक्शा। आज हालत यह हो गई है की देश में कोई भी वारदात हो जाती है तो तुरतफुरत में ऐसे ऐसे बयानवीर और उनके जहरीले बयानों का देश को सामना करना पड़ता है जिसे पढ़ और सुनकर सिर न केवल शर्म से झुक जाता है, अपितु लोकतंत्र की बुनियाद भी कमजोर होने का खतरा मंडराने लगता है। कई बार तो इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं से सीधे प्रधानमंत्री का नाम जोड़कर निंदा के बयानों की झड़ी लग जाती है। प्रधानमंत्री की पार्टी के लोग पलटवार में जिस भाषा का प्रयोग करते हैं उसे भी जायज नहीं ठहराया जा सकता। नफरत की यह सियासत उचित नहीं है किसान आंदोलन के दौरान नफरत और घृणा का जैसा घमासान देखने को मिला वह दुर्लभतम उदाहरणों में से एक है। इससे पूर्व नागरिकता कानून के विरोध में हुए आंदोलन में नफरत का खुलकर इजहार किया गया। इस दौरान खबरिया चैनलों ने आग में घी डालने का काम किया है। स्वस्थ और रचनात्मक बहस का स्थान घृणात्मक और नफरत से ओतप्रोत वाद विवाद ने ले लिया है। देश में नफरत की भावना का प्रसार बड़ी तेजी से हो रहा है। इनमें उनके निहितस्वार्थ हैं। आज पक्ष और विपक्ष में मतभेद की गहरी खाई है। यह खाई लोकतांत्रिक परंपराओं को नष्ट करने को आतुर है। इतिहास इस बात का गवाह है हमने कभी नफरत को नहीं अपनाया। सदा सहिष्णुता का अनुसरण कर देश को मजबूत बनाया। देश में व्याप्त नफरत के इस माहौल को खत्म कर लोकतंत्र की ज्वाला को पुन : स्थापित करने की महती जरूरत है और यह तभी संभव है जब हम खुद अनुशासित होंगे और मर्यादा की लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन नहीं करेंगे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पौधे हमारे भविष्य को सुरक्षित करेंगे

पिछले कुछ दिनों में देश के बहुत से राज्यों में भारी बारिश हुई, लेकिन इसके बावजूद गर्मी से यह राज्य उबल रहे हैं। इसका कारण घटती पेड़-पौधों की संख्या भी है। ग्लोबल वार्मिंग समस्या भी पेड़-पौधों की घटती संख्या के कारण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार के रेडियो प्रोग्राम मन की बात में यूपी सरकार के पौधारोपण अभियान का जिक्र किया। आज जिस तरह सारी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग खतरे के लिए चिंता में है, उसके लिए सारी दुनिया को आज से नहीं, बल्कि अभी से पौधारोपण के लिए गंभीरता दिखानी चाहिए। तभी हम भावी पीढ़ी को साफ-सुथरा पर्यावरण भविष्य में दे पाएंगे। बरसात के मौसम में अगर पौधे लगाए जाएं तो यह इस मौसम में बहुत अच्छे तैयार होते हैं। - विवेक पांडे, रायगढ़

## करंट अफेयर

### नाइजर का फ्रांस से सैन्य संबंध समाप्त

नाइजर की सैन्य सरकार का कहना है कि उसने अपने पूर्व औपनिवेशिक शासक फ्रांस के साथ सैन्य संबंध समाप्त कर दिये है और पिछली सरकार के कुछ प्रमुख राजदूतों को हटा दिया है। सैन्य सरकार ने कहा है कि पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्र के नागरिकों को विदेशी सेनाओं और जासूसों से सावधान रहने की चेतावनी दी गई है। राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को रिहा करने और या संभावित बल का सामना करने के लिए पश्चिम अफ्रीकी क्षेत्रीय ब्लॉक द्वारा दी गई समय सीमा में दो दिन और बचे है। नाइजर में तख्तापलट की पश्चिमी देशों ने कड़ी निंदा की है। कई पश्चिमी देश अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े जिहादियों से लड़ने के प्रयासों में नाइजर को अपने आखिरी विश्वसनीय भागीदार के रूप में देखते हैं। सैन्य सरकार के शीर्ष निकाय जुंटा ने घोषणा की है कि वह फ्रांस के साथ हस्ताक्षरित सैन्य समझौतों को समाप्त कर रहा है और उसने फ्रांस, अमेरिका, टोगो और पडोसी नाइजीरिया में नाइजर के राजदूतों को हटाने की भी घोषणा की। तख्तापलट करने वाले नेताओं के प्रवक्ता कर्नल मेजर अमादौ अब्द्रमाने ने कहा, 'नाइजर के खिलाफ किसी भी हमले का तत्काल और बिना किसी चेतावनी के जवाब दिया जायेगा।'



## ऑफ बीट

### घर अक्सर थर्मोस्टेट से अधिक गर्म लगते हैं

एक ही सड़क पर बने दो घर : एक 1950 के दशक में और दूसरा 1990 के दशक में बनाया गया था। वहां कोई पेड़ या अन्य छाया नहीं है। एयर कंडीशनिंग इकाइयाँ समान हैं, हाल ही में बदली गई हैं, और पूरी तरह से काम कर रही हैं। समान थर्मोस्टेट 82 डिग्री फ़ारेनहाइट (27.8 सेल्सियस) पर सेट होते हैं। जब बाहर का तापमान 110 एफ (43.3 सी) होता है, तो 1950 के दशक का घर हवा के समान तापमान के साथ भी अंदर संभवत: कम से कम 10 एफ (5.6 सी) गर्म महसूस होता है। क्यों? इसका उत्तर तेज गर्मी से संबंधित है। तेज़ गर्मी ही वह चीज़ है जो आपको ठंडी सर्दियों की रात में कैम्प फायर में गर्म रखती है। आग हवा को अधिक गरम नहीं करती; बल्कि, सूर्य की तरह, आग की अधिकांश गर्मी अदृश्य तरंगों के माध्यम से सीधे कैम्प फायर से आपके शरीर तक पहुंचती है। गर्म, धूप वाले दिन में, अच्छा इन्सुलेशन और डबल-फलक वाली खिड़कियां एयर कंडीशनिंग के लिए कम गर्मी का हस्तांतरण करती हैं, जिससे इमारत के अंदर का औसत तापमान हवा के तापमान के कुछ डिग्री के भीतर रहता है। गर्म सतहों के कारण छोटी इमारतें, जैसे कि मोबाइल घर, छोटे घर, शिपिंग कंटेनर और अपार्टमेंट में बदल गए गैरेज, अक्सर थर्मोस्टेट सेटिंग की परवाह किए बिना असहज महसूस करते हैं।



## ट्रेंड

### ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रतीक



डिजिटल कनेक्टिविटी में भारत आगे बढ़ा! कई जिलों में 3 लाख से अधिक 5जी साइटों की सफल स्थापना हमारी तकनीकी यात्रा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रतीक है। यह तेजी से 5जी रोलआउट राष्ट्र के हर कोने में अत्याधुनिक तकनीक लाने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### उन्हें भी खुशी होगी



करुणा दूसरों के प्रति चिंता है-दूसरों की भलाई के लिए सच्ची चिंता जो हमारे अपने अनुभव के बारे में जागरूकता पर आधारित है। चूंकि जब दूसरे हमारी मदद करते हैं तो हमें खुशी होती है, इसलिए हम दूसरों को स्नेह दिखाएं तो उन्हें भी खुशी होगी।
-दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरु

### आम लोगों की जीत



सत्यमेव जयते! सुप्रीम कोर्ट के फैसले का तहे दिल से स्वागत। संविधान, लोकतंत्र और भारत के आम लोगों की जीत हुई। वायनाड के नागरिकों की जीत हुई। लोकतंत्र के मंदिर में फिर गूंजेगी आम जन की बुलंद आवाज।
-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### उन्हें भी पता



लोक सभा में अमित शाह जी को दिल्ली वालों के अधिकार छीनने वाले बिल पर बोलते सुना। बिल का समर्थन करने के लिये उनके पास एक भी वाजिब तर्क नहीं है। बस इधर उधर की बातें कर रहे थे। वो भी जानते हैं वो ग़लत कर रहे हैं।
-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22
R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746
मीडिया दृष्टिकोण
वर्ष : 10 > अंक : 07 > मूल्य: 10 रुपए >पृष्ठ : 08

# हिलव्यू समाचार

झूठ का अंत निश्चित है -शालिनी श्रीवास्तव

website: www.hsnews.in

साप्ताहिक समाचार पत्र

जयपुर, सोमवार, 07 अगस्त 2023

# नए 19 जिलों और तीन संभागों को मिली कैबिनेट की मंजूरी

# अब राज्य में हो गए 50 जिले और 10 संभाग






## विजन 2030 को लेकर चल रही सरकार

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** मंत्रिमंडल ने राज्य में 19 नए जिले और 3 नए संभाग बनाने को मंजूरी शुक्रवार को दे दी। इसके साथ ही प्रदेश में जिलों की कुल संख्या बढ़कर 50 और संभागों की संख्या 10 हो जाएगी, जबकि 7 अगस्त को नवगठित जिलों में औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम होंगे।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को नए जिलों के गठन के प्रारूप जारी करते हुए मुख्यमंत्री निवास में मीडिया से कहा कि हमारी गवर्नेंस को आमजन द्वारा पसंद किया गया है। राज्य सभी क्षेत्रों में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। राज्य में बड़े स्तर पर सरकारी विद्यालय, पीएचसी, सीएचसी, पटवार सर्किल, उप तहसील, तहसील, उपखंड कार्यालय, अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय आदि खोले गए हैं। विगत साढ़े चार वर्ष में 1284 नए गांव बनाए गए हैं। साथ ही, 96 पटवार मंडल, 32 भू-अभिलेख निरीक्षक सर्किल, 125 उप तहसील, 85 तहसील, 35 उपखंड कार्यालय, 13 एडीएम कार्यालय एवं एक सहायक कलेक्टर कार्यालय खोले गए हैं। वहीं, 1035 नए पटवार मंडल बनाने की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, गांधी म्यूजियम, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज एंड गवर्नेंस एवं आईपीडी टावर के निर्माण जैसे कदमों ने विजन 2030 की रूपरेखा तैयार की है।

### नवगठित जिले

1. अनूपगढ़
2. बालोतरा
3. ब्यावर
4. डीग
5. डीडवाना कुचामन
6. दूदू
7. गंगापुरसिटी
8. जयपुर
9. जयपुर (ग्रामीण)
10. केकड़ी
11. जोधपुर
12. जोधपुर (ग्रामीण)
13. कोटपूतली बहरोड़
14. खैरथल तिजारा
15. नीम का थाना
16. फलौदी
17. सलूम्बर
18. सांचौर
19. शाहपुरा

### बन सकते हैं 9 और जिले, 6 माह बढ़ाया कमेटी का कार्यकाल

नए जिलों के गठन की प्रक्रिया जारी रहने को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा है कि और जिले बनाने को लेकर उनका दृष्टिकोण खुला है और इस पर विचार किया जा सकता है। नए जिलों के गठन को लेकर बनी रामलुभाया कमेटी का समय छह माह के लिए बढ़ा दिया गया है। अब और जिले बनाने के बारे में सुझाव उसके पास जाएंगे, उसकी रपट आने पर इस बारे में विचार किया जाएगा। और नए जिले बनाने को लेकर हमारी सोच खुली है और हम मानते हैं कि जितने छोटे जिले बनेंगे उतनी प्रशासनिक क्षमता बढ़ेगी। इसके साथ ही नए जिलों में अधिकारियों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

## पीएम नहीं बनना, यहीं राजनीति करूंगा

सीएम गहलोत ने कहा कि मैं मेरे कामों के आधार पर, शासन के आधार पर, सिर्फ और सिर्फ उनके आधार पर चुनाव प्रचार में जाऊंगा, और कोई भावना नहीं। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं और गहलोत ने दावा किया किया उनकी सरकार 'रिपीट' होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालात हमारे पक्ष में चल रहे हैं। सरकार रिपीट होगी। जनता यह तय कर चुकी है। जनता इस बार पहले ही कहने लगी है कि सरकार तो वापस आ रही है।

### राहुल गांधी हैं प्रधानमंत्री का चेहरा

गहलोत ने कहा कि पीएम मोदी का मुकाबला केवल राहुल गांधी कर रहे हैं। हमारे लिए राहुल ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं, हालांकि इसका निर्णय आलाकमान करेगा। गहलोत की यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट द्वारा मानहानि मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगने के ठीक बाद आई है। खुद की पीएम पद की दावेदारी को लेकर पूछे गए सवाल पर गहलोत ने कहा कि मैंने तय कर रखा है कि मैं सिर्फ राजस्थान की राजनीति ही करूंगा और मैंने राजस्थान की सेवा करने का संकल्प ले रखा है, अंतिम सांस तक. वो सवाल कभी पैदा होगा ही नहीं, आगे भी, कि मैं दिल्ली की राजनीति में उम्मीदवार हूं।' मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमारी पार्टी का चेहरा राहुल गांधी हैं प्रधानमंत्री पद के लिए, फिर ये कहां बातें उठती हैं कि और कोई आएगा।

### जयपुर ही रहेगा दोनों जिलों का मुख्यालय

जयपुर और जयपुर ग्रामीण दोनों का मुख्यालय जयपुर रहेगा। नए जिलों के गठन को मंजूरी देने के साथ उनके मुख्यालय भी तय कर दिए गए हैं। जयपुर ग्रामीण और जयपुर दोनों जिलों के मुख्यालय जयपुर में ही रहेंगे। जोधपुर और जोधपुर ग्रामीण, दोनों जिलों के मुख्यालय जोधपुर में ही रहेंगे। डीडवाना-कुचामन का मुख्यालय अस्थाई रूप से डीडवाना मुख्यालय डीडवाना रहेगा। कोटपूतली- बहरोड़ का मुख्यालय कोटपूतली ही रखा है। खैरथल-तिजारा जिले का मुख्यालय खैरथल होगा।

## चुनावी साल में मेयर मुनेश गुर्जर हुँकार का हूटर हुआ बन्द

# पति द्वारा भ्रष्टाचार के मामले में हेरिटीज मेयर मुनेश गुर्जर को भी किया गया निलंबित

**40 लाख के बाद एसीबी को ढाई सौ ग्राम सोना और ₹ 50 लाख नगदी बैंकों में जमा होने की भी मिली जानकारी**



सुशील गुर्जर, मेयर पति



मुनेश गुर्जर, मेयर नगर निगम हेरिटेज जयपुर

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** आख़िर सीएम गहलोत के दख़ल के बाद हेरिटेज नगर निगम की मेयर मुनेश गुर्जर को शनिवार देर रात को मेयर पद से निलंबित कर दिया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने पट्टे देने के मामले में दलाल नारायण सिंह के माध्यम से दो लाख की रिश्वत लेने के मामले में मुनेश गुर्ज़र के पति सुशील गुर्जर को गिरफ्तार किया था।

इस मामले में मुनेश गुर्जर की संलिप्तता मानी गई है।निलंबन के बाद अब एसीबी मुनेश गुर्जर को भी पूछताछ के लिए बुला सकती है।

खाद्य आपूर्ति मंत्री और सिविल लाइन से कांग्रेस विधायक प्रतापसिंह खाचरियावास और आदर्श नगर से कांग्रेस विधायक रफीक शनिवार रात 10:00 बजे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलने उनके निवास पर पहुंचे । दोनों नेताओं ने सीएम गहलोत को सारी जानकारी दी। इसके बाद तय किया गया कि स्वायत्त शासन निदेशालय को निर्देशित किया गया कि मेयर मुनेश गुर्जर को निलंबित कर दिया जाए। सीएम गहलोत के निर्देश पर ही देर रात को निदेशालय की ओर से निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए गये।

### नगरीय निकाय उपचुनाव

## नौ जिलों के रिक्त वार्डों में वोटिंग 20 को

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** प्रदेश में 9 जिलों की नगर परिषद, नगर निगम और नगर पालिका के रिक्त वार्डों में उपचुनाव के लिए मतदान 20 अगस्त को होगा। इस संबंध में राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को आदेश जारी किए। राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सचिव नारायण सिंह ने बताया कि अजमेर जिले की नगर परिषद ब्यावर के 33 वार्ड, नगरपरिषद बांसवाड़ा के 33 वार्ड, नगर निगम भरतपुर के 55 वार्ड, बूंदी जिले की नगरपालिका इंद्रगढ़ के 4 वार्ड, चित्तौडगढ़ जिले की नगरपालिका बड़ीसादड़ी के 7 वार्ड, जालौर जिले की नगरपालिका भीनमाल के 37 वार्ड, नागौर जिले की नगरपालिका कुचेरा के 18 वार्ड और नगरपरिषद कुचामनसिटी के 16 वार्ड, नगरपरिषद सवाईमाधोपुर के 22 वार्ड और टोंक जिले की नगरपालिका उनियारा के 2 वार्डों को भरने के लिए उपचुनाव होगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रकिया के अनुसार 4 अगस्त से 8 अगस्त तक सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे और 10 अगस्त को निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। 12 अगस्त तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इन रिक्त वार्डों के लिए 20 अगस्त को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा।

### जयपुर शहर कांग्रेस की वर्तमान कार्यकारिणी भंग

## नई कार्यकारिणी में 30 प्रतिशत होंगी महिलाएं



**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** जयपुर शहर कांग्रेस की वर्तमान कार्यकारिणी भंग कर दी गई हैं। विधानसभा चुनावों से पहले नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष आरआर तिवाड़ी अब नए सिरे से नए नामों के साथ कार्यकारिणी बनाएंगे। तिवाड़ी ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर इसी माह नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की है। जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए तिवाड़ी ने कहा कि नई कार्यकारिणी में सभी वर्गो को जगह दी जाएगी। इनमें 30 फीसदी महिलाओं को भी जिला कांग्रेस कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा। इसमें इंदिरा गांधी के समय 21 वर्ष की उम्र में जेल भरो आंदोलन में एक माह तक जेल जाकर आए और उस समय जेल में जाने वाले साथियों को भी जिला कांग्रेस कार्यकारिणी में जगह दी जाएगी। तिवाड़ी ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष बन चुके हैं। वार्ड अध्यक्ष जल्द बनाए जाएंगे। किशनपोल और बगरू विधानसभा क्षेत्र में बूथ कमेटियां बना दी गई। वहीं 6 विधानसभा सीटों पर बूथ कार्यकारिणी बनाने का काम चल रहा है। इस दौरान तिवाड़ी ने कांग्रेस सरकार की योजनाओं और कामकाज को बताते हुए भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इस बार राज नहीं रिवाज बदलेगा। तिवाड़ी ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि राजस्थान में भाजपा की सबसे लोकप्रिय चेहरा वसुंधरा राजे हैं, लेकिन भाजपा के लोग राजे से दोयम दर्जे का व्यवहार कर रहे हैं।


## राजस्थान आवासन मण्डल

हमारा प्रयास - सबको आवास

### सुनहरा अवसर

### एमएनआईटी फैकल्टी रेजिडेंसी फेज-3



**बहुमंजिला (B+G+12) फ्लैट्स**

एन आर आई सर्किल के पास, सेक्टर-26, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

एमएनआईटी में सेवारत और सेवानिवृत्त शिक्षक एवं अधिकारी/ केन्द्र एवं राज्य सरकार के महाविद्यालय / उच्च शिक्षण संस्थान / स्किल डवलपमेंट कॉलेज / विश्वविद्यालय / मेडिकल कॉलेज / इंजीनियरिंग कॉलेज / पॉलिटेक्निक कॉलेज /प्रशिक्षण कॉलेज के सेवारत शिक्षक / एमएनआईटी के पूर्व छात्र या उनके पति या पत्नी जो वर्तमान में केन्द्र सरकार या राजस्थान सरकार में सेवारत के लिए

स्ववित्त पोषित योजना

| क्र.सं. | आय वर्ग | फ्लैट्स संख्या | सुपर बिल्ट अप एरिया (वर्ग फीट में) | प्रावधान | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HIG-I | 40 | 3489 | 3BHK+ सर्वेंट रूम | 122.30 |
| 2. | HIG-II | 22 | 3625 | 3BHK+ सर्वेंट रूम | 127.10 |
| 3. | HIG-III | 12 | 2543 | 2BHK | 89.20 |
| 4. | HIG-IV | 10 | 2580 | 2BHK+ सर्वेंट रूम | 90.50 |

आवेदन प्रारम्भः- 1 अगस्त, 2023

आवेदन की अंतिम तिथिः- 31 अगस्त, 2023

**सुविधाएं**
• क्लब हाउस • बैंक्वेट हॉल • जिम • स्पा • स्विमिंग पूल • टेनिस कोर्ट • लैंड स्केपिंग • फ़ायर फाइटिंग सिस्टम • इंडोर गेम्स • गेस्ट हाउस • रेन वॉटर हार्वेस्टिंग • सुरक्षा गार्ड • एलईडी लाइट्स

RERA Reg. No. RAJ/P/2022/1996 | Website: https://rera.rajasthan.gov.in

राज.संवाद/सी/0000/2023-24

अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए RHB की वेबसाइट
www.urban.rajasthan.gov.in/rhb देखें।

हिलव्यू समाचार
प्रदेश
जयपुर, सोमवार, 07 अगस्त 2023


**विधानसभा चुनाव की तैयारी:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने घोषित की चार राज्यों के स्क्रीनिंग कमेटी

# राजस्थान की कमान गोगोई को... गहलोत-जोशी भी शामिल

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** विधानसभा के चुनावी समर में कांग्रेस ने एक कदम और आगे बढ़ते हुए चार राज्यों के स्क्रीनिंग कमेटी घोषित कर दी है। गौरव गोगोई राजस्थान स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन में बनाए गए हैं। गोगोई के साथ गणेश गोदियाल और अभिषेक दत्त को स्क्रीनिंग कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। जबकि मध्य प्रदेश में राजस्थान के नेता जितेन्द्र सिंह को स्क्रीनिंग कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। राजस्थान में एक्स ऑफिशियो मेंबर्स में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी और एआईसीसी के तीनों प्रभारी सचिव को शामिल किया गया है। कमेटी में गहलोत और पायलट को एक साथ शमिल कर कांग्रेस आलाकमान ने एकजुटता के फॉर्मूले पर काम करने के साफ संकेत दे दिए है। कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्क्रीनिंग कमेटी विधायक टिकट के लिए तीन-तीन उम्मीदवारों का पैनल तैयार करेंगी। इसके बाद अंतिम निर्णय के लिए केन्द्रीय चुनाव समिति को पैनल सौंपेगी। बताया जा रहा है कि जल्द दिल्ली में स्क्रीनिंग कमेटी की पहली बैठक होगी।



### एक्स ऑफिशियो मेंबर्स या चूक!

स्क्रीनिंग कमेटी में एक्स ऑफिशियो मेंबर्स के तौर पर मुख्यमंत्री गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष जोशी और सचिन पायलट का नाम शामिल किया गया है, जबकि इन तीनों के पास कांग्रेस में फिलहाल कोई पद नहीं है। ऐसी कमेटी में प्रमुख नेताओं को विशेष आंमत्रित सदस्य रखा जाता है। एक्स ऑफिशियो मेंबर्स के तहत ऐसे नामों को माना जाता है जो पहले से पार्टी के पद में है। इसमें राज्य से डोटासरा और रंधावा शामिल हैं।

### राजस्थान स्क्रीनिंग कमेटी

- गौरव गोगोई चेयरमैन
- गणेश गोदियाल व अभिषेक दत्त-सदस्य
- गोविंद सिंह डोटासरा, अशोक गहलोत, सुखविंदर सिंह रंधावा, सचिन पायलट, सीपी जोशी और एआईसीसी के सभी प्रभारी भी कमेटी में।

### कहां किसको जिम्मा

**मध्यप्रदेश**
- भंवर जितेन्द्र सिंह-चेयरमैन
- अजय कुमार लल्लू, सप्तगिरी उलाका-सदस्य
- कमलनाथ, डॉ. गोविंद सिंह, डॉ. जेपी अग्रवाल, दिग्विजय सिंह, कांतिलाल भूरिया, कमलेश्वर पटेल और एआईसीसी के सभी प्रभारी भी कमेटी में।

**छत्तीसगढ़**
- अजय माकन-चेयरमैन
- डॉ. एल. हनुमंथैया, नेट्टा डिसूजा- सदस्य
- दीपक बैज, भूपेश बघेल, कुमारी शैलजा, टी.एस. सिंह देव और एआईसीसी के सभी प्रभारी भी कमेटी में।

**तेलंगाना**
- के. मुरलीधरण - चेयरमैन
- बाबा सिद्दीकी व जिग्नेश मेवाणी-सदस्य
- ए. रेवंत रेड्डी, मल्लू भट्टी विक्रमारका, माणिकराव ठाकरे, एन. उत्तम रेड्डी और एआईसीसी के सभी सचिव प्रभारी भी कमेटी में।

---

**एक नज़र**

**पॉक्सो मामले में सरकारी शिकंजा!**

## जोधपुर पुलिस की टीम पहुंची गुढ़ा के सरकारी आवास पर





**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** जोधपुर के पीपाड़ थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में जोधपुर पुलिस की टीम गुरुवार को प्रदेश के बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के सरकारी आवास पर पहुंची। हालांकि, जिस समय यह टीम गुढ़ा के निवास पर पहुंच तब वे वहां नहीं थे। जोधपुर के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) धर्मेंद्र यादव ने जोधपुर में बताया कि दो नाबालिग लड़कियों के लापता होने पर पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस ने एक लड़की को 26 जुलाई को बीकानेर के दो आरोपियों के साथ हरियाणा के अंबाला से दस्तयाब कर आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान यह पता चला कि राजेंद्र गुढ़ा के आधिकारिक आवास का एक गार्ड रूम या रेस्ट रूम में उस लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया था।

हमारी टीम घटनास्थल की पुष्टि करने के लिए आरोपी को लेकर जयपुर गई थी। जांच चल रही है। प्रारंभिक जांच के अनुसार आरोपी गुढ़ा के परिचित नहीं हैं। संभवतः आरोपी वहां काम करने वाले किसी व्यक्ति के माध्यम से आवास पर गया था।

### मेरे पीछे लगाया एजेंसियों को: गुढ़ा

उदयपुरवाटी में गुढ़ा ने कहा कि कांग्रेस केंद्र सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का अरोप लगाती है, लेकिन वे कहना चाहते हैं कि मुख्यमंत्री गहलोत भी ऐसा ही कर रहे हैं। उनके पीछे एजेंसियों को लगा रखा है। हाल ही में एक मुकदमा दर्ज किया गया। उनके बंगले पर पुलिस भेजी, लेकिन वह बंगला तो वे छह महीने पहले खाली कर चुके हैं। कभी कभार जाते हैं। मैं न्याय की लड़ाई में किसी भी जांच को तैयार हूं। जिस मामले में वे परिवादी और आरोपी को जानते तक नहीं, उसमें उनका नाम डाला जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री की तुलना धृतराष्ट्र से करते हुए कहा कि वे पुत्र मोह में फंसे हुए हैं और यह गुस्से में कर रहे हैं।

---

**श्रीगंगानगर: ड्रोन से पाक ने फिर भेजी नशे की बड़ी खेप**

# BSF की कार्रवाई 53 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त की

**हिलव्यू समाचार**
**श्रीगंगानगर।** राजस्थान से सटे बॉर्डर इलाकों में तस्करी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। पड़ौसी देश पाकिस्तान ने एक बार फिर बॉर्डर से सटे इलाकों में नशे की तस्करी के लिए ड्रोन के जरिए हेरोइन की बड़ी खेप भेजी। लेकिन, बीएसएफ के जवानों ने पाकिस्तान के मनसूबों पर पानी फेर दिया है। श्रीगंगानगर से लगी भारत-पाक बॉर्डर पर बीएसएफ के जवानों ने शुक्रवार तड़के कुल 10.85 किलो हेरोइन बरामद की है। हेरोइन की कीमत अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में करीब 53 करोड़ रुपए बताई गई है।

अधिकारियों ने बताया कि देर रात श्रीगंगानगर से लगी भारत-पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के अंदर एक ड्रोन घुस आया। जिस पर श्रीकरणपुर सेक्टर में तैनात बीएसएफ के जवानों ने मोर्चा संभाला और ड्रोन को निशाना बनाकर फायरिंग शुरू कर दी। लेकिन इससे पहले ही ड्रोन वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में घुस गया। ऐसे में सेना के जवानों आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया।



**रात में तीन पैकेट्स और सुबह एक मिला**
उन्होंने बताया कि रातभर चले सर्च ऑपरेशन के दौरान सेना के जवानों ने पीली टेप से लिपटे हेरोइन के 3 पैकेट्स बरामद किए। शुक्रवार तड़के एक पैकेट्स और मिला। चारों पैकेट्स से कुल 10.85 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। संबंधित एजेंसी को हेरोइन सौंप दी गई।

### पिछले महीने ही पकड़ी थी 2.30 किलो हेरोइन

गौरतलब है कि ऐसी घटना पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान ने ऐसे हिमाकत की है। बॉर्डर से सटे इलाकों में ड्रोन के जरिए पाकिस्तान लगातार नशे की तस्करी करने में लगा हुआ है। लेकिन, राजस्थान फ्रंटियर बीएसएफ के महानिरीक्षक पुनीत रस्तोगी के निर्देशन में जवानों की सतर्कता से पाकिस्तान की कोशिश नाकाम होती दिख रही है। हाल ही में 20 जुलाई को भी सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने रायसिंहनगर से लगी भारत-पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर भी पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग कर पाकिस्तानी ड्रोन और 2.30 किलोग्राम हेरोइन बरामद की थी।

---

## बदमाशों ने फायर कर AU बैंक ब्रांच मैनेजर से लूटे 5.50 लाख

**हिलव्यू समाचार**
**अलवर।** जिले के थानागाजी में बदमाशों ने दिनदहाड़े एयू बैंक के ब्रांच मैनेजर की बाइक के आगे अपनी बाइक लगाकर हथियार के दम पर 5.50 लाख रुपए लूट ले गए। वारदात में ब्रांच मैनेजर के सड़क पर गिरने से चोटें भी लगी। बदमाशों ने लूटते समय हवाई फायर कर दहशत फैलाई ताकि कोई पास नहीं आ सके। घटना फूलेटी की घाटी के समीप गुरुवार सुबह 10 बजे करीब की है। जानकारी के अनुसार ब्रांच मैनेजर हरनेर निवासी हेमंत कुमार गौतम रोजाना की तरह आगर स्थित एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की शाखा पर जाने के लिए घर से बैग में करीब साढ़े 5 लाख रुपए लेकर निकले थे। रास्ते में फूलेटी की घाटी के समीप दो बाइक पर आए 6 बदमाशों ने पहले उसकी बाइक को धक्का मार कर गिरा दिया। इसके बाद बदमाश उसे घेरकर बैग छीनने लगे, लेकिन हेमंत ने बैग नहीं छोड़ा।

इसके बाद बदमाश हवा में कई फायर करते हुए बैग छीन ले गए। इसके बाद बदमाश बैग छीनकर झांकड़ी गढ़बसई रोड होते हुए नारायणपुर की ओर निकल गए। थानाधिकारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि आस-पास के थानों में सूचना देकर नाकाबंदी करवाई गई है। शीघ्र ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।



**नकदी ले गए रास्ते में फेंका बैग:** पुलिस को झाकड़ी की तरफ छीना हुआ बैग पड़ा मिला। वहीं रकम लेकर बदमाश पार हो गए। अब पुलिस भी बदमाशों के पीछे है। पुलिस का कहना है कि उनकी अलग-अलग टीमें तलाशी में जुटी है। बदमाशों को जल्दी गिरफ्त में लिया जाएगा।

**फायर से दहशत फैलाई :** घटना के समय कई वाहन रोड पर आ गए थे, लेकिन बदमाशों ने हवा में फायर किए तो कोई आगे नहीं आया। एयू का ब्रांच मैनेजर खुद ही उनसे लड़ता रहा।

---

**सब्जी पकाते समय मंडावर नगर पालिका में हादसा**

## इंदिरा रसोई में फटा कुकर, तीन घायल

**हिलव्यू समाचार**
**दौसा।** जिले की मंडावर नगर पालिका में संचालित इंदिरा रसोई में शुक्रवार सुबह इंदिरा रसोई में प्रेशर कुकर ब्लास्ट हो गया। इससे इंदिरा रसोई में कुकर ब्लास्ट होने से 3 महिलाएं घायल हो गईं।

मामले के अनुसार इंदिरा रसोई में मंडावर की सतानंद कॉलोनी निवासी महिला रामदेई पत्नी जगदीश सैनी, गोमा पत्नी अशोक सैनी व गुड्डी पत्नी दीपचंद सैनी खाना पकाने का काम कर रही थी। एक महिला ने प्रेशर कुकर में सब्जी चढ़ा दी। काफी देर तक प्रेशर कुकर में सीटी नहीं आई। इंदिरा रसोई संचालक रसोई के बाहर लगे काउंटर पर बैठा था। उस वक्त रसोई में एक-दो लोग ही थे। सुबह 9 बजे अचानक प्रेशर कुकर तेज धमाके से ब्लास्ट हो गया। ढक्कन के टुकड़े उछलकर महिलाओं को लगे। तीनों महिलाएं मामूली रूप से घायल हो गईं। जिन्हें मंडावरा हॉस्पिटल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों महिलाओं को छुट्टी दे दी गई।



इंदिरा रसोई से जबरदस्त धमाके की आवाज सुनाई दी और महिलाओं की चीख-पुकार मची तो बाहर बैठा संचालक और आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं को संभाला। धमाके से इंदिरा रसोई में लगा एलईडी टीवी भी दीवार से जमीन पर गिर पड़ा और टूट गया।

सूचना पर पहुंची मंडावर थाना पुलिस ने घटनाक्रम की जानकारी लेकर घायल महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। गौरतलब है कि पिछले दिनों जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में प्रेशर कुकर फटने से 47 साल की महिला की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना के बाद भी दौसा की इंदिरा रसोई संचालक ने सुधार नहीं किए।

---

**VCR नहीं भरने की एवज में ली घूस**

## तीन लाइनमैन को 5-5 हजार रिश्वत लेते किया गिरफ्तार



**सवाई माधोपुर।** एसीबी की टीम ने बीती रात भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खण्डार इलाके में बिजली निगम के तीन लाइनमैनों को 13 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के एएसपी सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि लक्ष्मीनारायण जाट निवासी मोरोज ने एसीबी कार्यालय में बिजली निगम के 3 लाइनमैनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया था कि उसकी डीपी की वीसीआर नहीं भरने और डीपी ट्रांसफर करने की एवज में 3 लाइनमैन पांच-पांच हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं। इस पर एसीबी की टीम ने गुरुवार को दिन में शिकायत का वेरिफिकेशन कराकर ट्रैप के लिए जाल बिछाया और गुरुवार रात को एसीबी की टीम ने खण्डार में कार्रवाई करते हुए आरोपी लाइनमैन नरसी लाल बैरवा, भीमसिंह जाटव को 5-5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। साथ ही एसीबी ने आरोपी लाइनमैन जितेन्द्र कुमार सैनी को 3000 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी के एएसपी सुरेंद्र शर्मा ने बताया ने बताया कि खण्डार थाना इलाके सहित बिजली निगम में भ्रष्टाचार की काफी गंभीर शिकायतें मिल रही हैं।

---

**एक नाबालिग हिरासत में, डयूटी अधिकारी निलंबित**

# भीलवाड़ा मामले की सुनवाई फास्ट ट्रेक में, होगी FSL जांच

**हिलव्यू समाचार**
**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा के कोटड़ी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म के बाद उसके शरीर को कोयला बनाने वाली भट्टी में डालने के मामले में मुख्य आरोपी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है।

पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू ने बताया कि इस तरह का केस 'दुर्लभतम' श्रेणी में आता है और हम पूरा प्रयास करेंगे कि इस मामले में आरोपियों को फांसी की सजा मिले क्योंकि जितना जघन्य अपराध यह हुआ था उसी के तहत उतनी ही कठोर सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फास्ट ट्रैक अदालत में मामले का अनुसंधान देकर चालान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद कर लिया गया है। यह एफएसएल की जांच के बाद ही तय हो पाएगा कि क्या जब नाबालिग को भट्टी में डाला गया तो वह जीवित थी या नहीं। उन्होंने कहा आरोपियों से पूछताछ और जांच के साथ हमारे पास सांइटिफिक डाटा आ गया है, और उसमें सामूहिक दुष्कर्म की जांच की जा रही है।' उन्होंने कहा कि मामले में आरोपियों की पत्नियां शामिल थी। पूरे मामले में उनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया नाबालिग लड़की पहले से आरोपियों की परिचित थी। उन्होंने बताया कि नाबालिग के जो अवशेष मिले हैं वो पूरी तरह से जले हुए हैं।



### जांच के बाद होगी कार्रवाई

एसपी ने बताया कि मामले में लापरवाही बरतने पर थाने में उस समय मौजूद ड्यूटी अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है और जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि किसी की गलती पाई गयी तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले कोटड़ी के वृत्ताधिकारी श्याम सुंदर बिश्नोई ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी कान्हा (21), उसके भाई कालू (25), संजय (20), पप्पू (35) को गिरफ्तार किया गया है और एक नाबालिग हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि थाना कोटड़ी पर सूचना मिली कि घर से खेत पर बकरियां चराने गयी लड़की शाम तक वापस नहीं आई। तलाश के दौरान गांव वालों को खेतों में बच्ची की चप्पल मिलने पर पास में बसे डेरे के लोगों पर शंका हुई। डेरे के नज़दीकी कोयले की भट्टियों की जांच करने पर गुमशुदा बालिका का पहना हुआ सामान मिला।

सहेली

# फ्रेंडशिप-डे पार्टी में आपकी ड्रेस हो डिफरेंट-अट्रैक्टिव



आने वाले संडे को फ्रेंडशिप-डे के लिए आपने अपने या किसी फ्रेंड के घर या फिर रेस्टोरेंट में पार्टी जरूर प्लान की होगी। दोस्तों-सहेलियों के साथ वाली इस पार्टी के लिए आपकी ड्रेस भी स्पेशल-अट्रैक्टिव होनी चाहिए। इस ऑकेजन पर आप क्या कुछ कैरी कर सकती हैं, जानिए।

ड्रेसअप / निधि गोयल

वैसे तो दोस्तों के संग बिताया हर पल, हर दिन बेहतरीन होता है। लेकिन दोस्तों के लिए सबसे खास दिन होता है- फ्रेंडशिप-डे। इस दिन को स्पेशल बनाने के लिए आपने भी जरूर पार्टी प्लान की होगी। इस पार्टी में सबसे डिफरेंट और अट्रैक्टिव दिखने के लिए आप जरूर स्पेशल ड्रेस कैरी करना चाहेंगी। आप ड्रेस में वेस्टर्न से लेकर इंडो वेस्टर्न किसी भी तरह की ड्रेस कैरी कर सकती हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही ड्रेस ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं।

## वन पीस विद बेल्ट

ऐसे ऑकेजन पर वन पीस ड्रेस काफी अच्छी लगती है। इनमें चाहे आप शॉर्ट पहनें या लॉन्ग वन पीस, सभी काफी डिफरेंट लुक देती हैं। अब यह आप पर डिपेंड करता है कि आपने कैसे कलर और प्रिंट्स का इसमें सेलेक्शन किया है। वैसे तो मार्केट में इनके ढेरों डिजाइन और प्रिंट्स मौजूद हैं लेकिन आपके ऊपर किस तरह के कलर सूट करते हैं, आप उन्हीं को ध्यान में रखते हुए अपने लिए वन पीस ड्रेस सेलेक्ट करें। अगर आप इस ड्रेस को और भी डिफरेंट लुक देना चाहती हैं तो मार्केट में मिलने वाली मैचिंग बेल्ट इसके साथ कैरी कर सकती हैं। ध्यान रखें बेल्ट का कलर ड्रेस के कलर से मैच होना चाहिए। यकीन मानिए, वन पीस ड्रेस पर मैचिंग बेल्ट का कॉम्बिनेशन आपको बिल्कुल डिफरेंट लुक देगा।



## साड़ी स्टाइल गाउन

फ्रेंडशिप-डे पार्टी में अगर आपका मन वेस्टर्न ड्रेस पहनने का नहीं है तो आप इंडो-वेस्टर्न ड्रेस भी पहन सकती हैं। इसमें आप साड़ी स्टाइल गाउन ट्राय कर सकती हैं। यह दिखने में इंडियन के साथ वेस्टर्न लुक भी देती है। इससे आपका अंदाज बिल्कुल अलग नजर आएगा।



शिमर और जॉर्जट दोनों ही स्टाइल में आपको ऐसी साड़ी मिल जाएंगी। अगर आपका मन फ्रिल साड़ी पहनने का है तो ऐसी साड़ी भी ले सकती हैं। इनमें आपको काफी स्टाइलिश ब्लाउज भी मिल जाएंगे।

## फ्रिल स्कर्ट-टॉप

आपने देखा होगा कि आजकल डिजाइनर स्कर्ट-टॉप ड्रेसेस, यंग वूमेन की फेवरेट बनी हुई हैं। इसमें स्कर्ट और टॉप दोनों सेम कलर और कॉम्बिनेशन में मिलती हैं। इस बार फ्रेंडशिप-डे को स्पेशली ध्यान में रखते हुए इन दिनों फ्रिल्ड स्कर्ट-टॉप की काफी वैरायटीज मार्केट में दिख रही हैं। इसमें स्कर्ट और टॉप दोनों में ही फ्रिल से डिजाइनिंग की गई होती है। इन फ्रिल्ड ड्रेसेस में कलर के ऑप्शन या तो बहुत लाइट कलर में होते हैं या फिर बहुत डार्क कलर में होते हैं। यह आप पर डिपेंड करता है आपको जिस तरह के कलर पसंद हैं, उसी के हिसाब से इन्हें अपने लिए ले सकती हैं। इनमें स्कर्ट लेंथ भी या तो बहुत शॉर्ट आती है या फिर काफी लंबी। आप अपनी पसंद के अकॉर्डिंग इन्हे ले सकती हैं।

## जंपसूट

पार्टी में आप स्टाइलिश दिखने के साथ ट्रेडिशनल लुक भी चाहती हैं तो ऐसी ड्रेस कैरी करें, जो इंडियन के साथ मॉडर्न भी लगें। जंप सूट इसी तरह की ड्रेस है। अगर आप सिंपल फैब्रिक वाली जंप सूट पहनती हैं तो आपका लुक मॉडर्न नजर आएगा लेकिन अगर आप इसको एंब्रॉयडरी डिजाइन करवाती हैं या फिर इसके बॉर्डर और नेकलाइन पर मिरर वर्क करवा लें तो इसका लुक ही चेंज हो जाता है। आप इसके साथ अगर दुपट्टा कैरी करें तो ये और भी अट्रैक्टिव नजर आता है। *


**(फैशन डिजाइनर ममता आनंद से बातचीत पर आधारित)**

---

मेकअप / साधना शर्मा, ब्यूटीशियन

फ्रेंडशिप-डे पार्टी के लिए बढ़िया ड्रेस सेलेक्ट करने के साथ मेकअप पर ध्यान देना भी जरूरी है। तभी आपका ओवरऑल लुक नजर आएगा एक्स्ट्रा ग्लोइंग।

# तब आपका फेस दिखेगा एक्सट्रा ग्लोइंग-चार्मिंग



अगर आप सोचती हैं कि केवल अच्छी ड्रेस कैरी कर ही आप फ्रेंडशिप-डे पार्टी में सबसे अट्रैक्टिव नजर आ सकती हैं तो ऐसा सोचना सही नहीं है। इसके लिए आपको अच्छी ड्रेस सेलेक्शन के साथ ही अपने मेकअप पर भी ध्यान देना होगा, क्योंकि ड्रेस तभी आकर्षक नजर आएगी, जब आपके चेहरे पर ग्लो होगा। मेकअप शानदार होगा तो आपकी ड्रेस ही नहीं आपके चेहरे पर से भी नजर नहीं हटेगी। लेकिन इसके लिए आपका मेकअप कुछ इस तरह होना चाहिए कि वो नेचुरल नजर आए। यह भी ध्यान रखें कि इन दिनों मौसम बहुत नमी वाला है तो ऐसे में आपका मेकअप वाटरप्रूफ होना चाहिए। फ्रेंडशिप पार्टी जैसे स्पेशल ऑकेजन के लिए मेकअप करते समय जरूरी है कि आप लाइट मेकअप की अप्लाई करें, क्योंकि ज्यादा मेकअप हैवी नजर आता है। इससे फेस पर मेकअप की अलग से लेयर नजर आएगी। इसलिए मेकअप ऐसा होना चाहिए कि वह नेचुरल नजर आए। यहां हम मेकअप से जुड़े कुछ ऐसे ही यूजफुल टिप्स बता रहे हैं।

**यूज करें सनस्क्रीन :** आमतौर पर मेकअप बेस के रूप में प्राइमर का इस्तेमाल करने के लिए कहा जाता है, लेकिन इस खास मौके के लिए प्राइमर के इस्तेमाल से बचें। आप प्राइमर की जगह सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। प्राइमर स्किन को सॉफ्ट बनाता है। अगर सनस्क्रीन की बात करें तो इसमें भी स्किन को सॉफ्ट बनाने की खूबी होती हैं। सनस्क्रीन में एक और खूबी यह होती है कि आप अगर पहले त्वचा पर इसे लगा लेती हैं तो इससे मेकअप के प्रोडक्ट्स स्किन पोर्स से अंदर नहीं जा पाते हैं, क्योंकि इसकी एक परत सी स्किन पर बिछ जाती है, जो प्रोडक्ट्स को अंदर जाने नहीं देती है। साथ ही ये लॉन्ग लास्टिंग होता है, जो मेकअप को खराब नहीं होने देता है।



**फाउंडेशन :** जब आपका बेस सनस्क्रीन से बन जाए तो उसके ऊपर फाउंडेशन लगाएं, लेकिन फाउंडेशन की परत बिल्कुल पतली होनी चाहिए नहीं तो ये ओवर नजर आएगा। इससे आपका मेकअप अपीलिंग नहीं दिखेगा।

**कंसीलर :** फाउंडेशन अप्लाई करने के बाद कंसीलर का इस्तेमाल करें। कंसीलर दाग-धब्बों को छुपाने का कार्य करता है। लेकिन इसको भी बहुत ज्यादा नहीं लगाएं। अपने कलर के हिसाब से कंसीलर का इस्तेमाल करें और हमेशा अच्छी कंपनी के प्रोडक्ट को ही लें।

**ब्लशर :** ब्लशर से चेहरे पर ग्लो आता है। तो कंसीलर के बाद लाइट पिंक कलर का ब्लशर अप्लाई करें, लेकिन ध्यान दें इसे इतना हल्का लगाएं कि ये आपके गाल पर अलग सा नजर नहीं आए। पिंक और पीच कलर वाले ब्लशर ज्यादा नेचुरल लुक देते हैं।

**काजल :** पूरे मेकअप के बाद अगर आंखों में काजल ना लगा हो तो आंखें सूनी नजर आती हैं, इसलिए आंखों पर काजल जरूर लगाएं। लेकिन आंखों की शेप को ध्यान में रखकर मोटा या पतला काजल लगाना चाहिए। इसमें आप अपनी ड्रेस को ध्यान में रखते हुए कलर्ड काजल का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।



**लाइट मस्कारा :** काजल लगाने के बाद पलकों पर लाइट मस्कारा लगाएं, क्योंकि एक्स्ट्रा कोटेड लैशेज आपके लुक को बिगाड़ सकते हैं। इसलिए पलकों पर लाइट मस्कारा लगाएं, इससे आपकी पलकें ज्यादा खूबसूरत नजर आएंगी और आंखें भी सुंदर दिखेंगी।

**लिपस्टिक :** मेकअप के लास्ट स्टेप में लिपस्टिक अप्लाई करें। हर महिला को लिपस्टिक में अलग कलर पसंद हो सकता है। कोई डार्क तो कोई लाइट कलर पसंद करती है, लेकिन जरूरी है कि आप कलर ऐसे लगाएं, जो आपके चेहरे को नेचुरल लुक दे। जैसे आप बेबी पिंक, पीच, लाइट ब्राउन जैसे कलर की लिपस्टिक का सेलेक्शन करें। ये आपको नेचुरल लुक देंगे। इससे आपका मेकअप ओवर ब्राइट नजर नहीं आएगा।

**हाथ-पैरों पर भी दें ध्यान :** कई महिलाएं चेहरे पर तो मेकअप भरपूर कर लेती हैं लेकिन उनके हाथ-पैर बेजान से नजर आते हैं। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए हाथों-पैरों की स्किन पर मॉयश्चराइजर जरूर लगा लें। जिससे वे कोमल और चमकदार नजर आएं। *

**प्रस्तुति : मानसी**

---

रेसिपी / डॉ. मालिनी सबा, शेफ

# टेस्टी डिशेज के संग फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेशन

जब मौका है फ्रेंडशिप-डे का तो आप भी इस दिन को अपनी सहेलियों के साथ जरूर सेलिब्रेट करना चाहेंगी। सेलिब्रेशन पार्टी को स्पेशल बनाने के लिए हम आपको बता रहे हैं दो टेस्टी डिशेज की रेसिपी।



## गार्लिक पास्ता

**सामग्री-** पास्ताः 300 ग्राम, लहसुनः 5 कली (बारीक कटी हुई), सूखी लाल मिर्चः 3-4 (पानी में भिगोई हुई), संतरी गाजरः 1, हरी शिमला मिर्चः 1, ब्रोकलीः 1/2, मशरूमः 100 ग्राम, मटरः 50 ग्राम, तेलः 1 चम्मच, नीबूः 1, नमक-मसालेः स्वादानुसार, ऑरिगेनो-चिली फ्लेक्सः आवश्यकतानुसार

**विधि-** पहले पास्ता और सब्जियों को अच्छी तरह से उबाल कर पानी निकालकर एक बाउल में अलग कर लें। अब कड़ाही में धीमी आंच पर तेल गरम करें। इसमें बारीक कटी हुई लहसुन, लाल मिर्च डालें और हल्का गुलाबी होने तक भूनें। अब इसमें उबली हुई सब्जियां डालकर अपने हिसाब से नमक और मसाले डालकर पकाएं। अब इसमें उबला हुआ पास्ता डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इसमें ऊपर से ऑरिगेनो, चिली फ्लेक्स और नीबू रस डालकर टेस्टी गार्लिक पास्ता अपने फ्रेंड्स के साथ एंज्वॉय करें। *

## मैंगो रबड़ी

**सामग्री-** बड़ा पका आमः 1, दूधः 1 लीटर, चीनीः स्वादानुसार, इलायची पावडरः 1 टीस्पून, बारीक कटा हुआ काजूः 1 टेबलस्पून, बारीक कटा हुआ पिस्ता : 1 टेबलस्पून

**विधि-** सबसे पहले एक कड़ाही में दूध डालकर मीडियम आंच पर गर्म करने के लिए रख दें। पके आम को अच्छी तरह से धोकर छोटे टुकड़ों में काटें। गर्म हो रहे दूध को बीच-बीच में चलाती रहें, जिससे वो जले नहीं। जब दूध गाढ़ा हो जाए तो उसमें स्वादानुसार चीनी और इलायची पावडर डालकर मिक्स कर दें। अब इसमें आम के टुकड़े डालें और करछी से उसे थोड़ा सा दबाते हुए मिक्स करें। अब गैस की आंच धीमी कर दें। मैंगो रबड़ी बनकर तैयार है। अब रबड़ी को सर्विंग बाउल में निकाल लें। उसके ऊपर थोड़े से आम के कटे हुए टुकड़े डालकर ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें। कुछ देर बाद काजू और पिस्ता के टुकड़ों से गार्निश कर मैंगो रबड़ी खाएं-खिलाएं। *



**प्रस्तुति : निकिता**

---

जाने-समझें / निकिता चौहान

दोस्ती का रिश्ता सभी रिश्तों से बहुत खास होता है। यह रिश्ता कभी नहीं टूटना चाहिए। दोस्ती का रिश्ता कैसे हमेशा बना रहे, इसके लिए कैसी कोशिशें होनी चाहिए, जानें।

# दोस्ती के ये रूल्स कभी ना तोड़ें

अगर आप फ्रेंडशिप के सही मायने समझती हैं, तो दोस्ती के रिश्ते को पूरे दिल से निभाएं। साथ ही दोस्ती के कुछ रूल्स को भी हमेशा फॉलो करें, ये रूल्स क्या हैं, जानिए -

**एक दूसरे के प्रति रहें ईमानदार :** दोस्ती का रिश्ता आपसी विश्वास पर टिका होता है। इसी कारण एक सहेली दूसरी सहेली से बेझिझक अपने मन की हर बात शेयर करती है। इसलिए कभी भी उसकी बहुत पर्सनल बातों को दूसरों के सामने ना कहें या कोई ऐसा कोई काम ना करें, जिससे आपकी दोस्ती पर से भरोसा उठ जाए। आप अपनी दोस्ती पूरी ईमानदारी से निभाएं।

**एक दूसरे की करें कद्र :** हम यह बात समझ लें कि कोई व्यक्ति परफेक्ट नहीं होता। गलतियां सभी से होती हैं, इसलिए कभी भी दोस्त एक-दूसरे की गलतियों को पकड़कर ना बैठें। दोस्ती के इस रिश्ते में एक-दूसरे की कद्र करें।

**मुश्किल समय में खड़े हों साथ :** आपका अच्छा और सच्चा दोस्त वही है, जो आपके मुश्किल समय में आपके साथ खड़ा रहे। मुश्किल समय ही दोस्ती को परखने वाला होता है। इसलिए मुश्किल समय में हमेशा दोस्त का साथ दें, उसे उसकी मुश्किलों से उबारें।



**एक-दूसरे को नीचा ना दिखाएं :** दोस्ती में कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। दोस्ती का रिश्ता बराबरी का होता है। चाहे दोनों के स्टेटस में कितना ही अंतर क्यों ना हो। दोस्ती में एक-दूसरे को कभी नीचा ना दिखाएं।

**एक-दूसरे को ना करें अपमानित :** कभी भी अपनी दोस्त की उसकी किसी पुरानी गलती या भूल को बार-बार बोलकर अपमानित ना करें। अपनी दोस्त के साथ कभी गलत शब्द का प्रयोग ना करें। अपने दोस्त की भावनाओं का सदैव आदर करें। *

---



ऐसे बनेगी बात / आस्था

# जब रूठ जाए आपकी सहेली!

गलती मानें, सॉरी बोलें। सहेली को प्यार से समझाएं, वह जरूर मान जाएगी।

रिश्ता कोई हो, नोक-झोंक, वाद-विवाद होते ही हैं। दोस्ती में भी कभी-कभार तकरार हो जाती है। ऐसे में दोस्त आपस में नाराज हो जाते हैं। यह नाराजगी ज्यादा दिन नहीं बनी रहनी चाहिए, इससे दोस्ती के रंग फीके पड़ सकते हैं, इतने कि दोस्ती टूट भी सकती है। यदि आपकी भी कोई सहेली किसी बात को लेकर आपसे नाराज है तो उसे बहुत ज्यादा दिन नाराज ना रहने दें। जल्द से जल्द उसे मनाएं। इसके लिए आपको अपनी तरफ से कुछ प्रयास करने होंगे।

**अपनी गलती मानें :** किसी से झगड़ा, वाद-विवाद एक तरफ से नहीं होता, दोनों तरफ से होता है। कुछ गलती आपकी हो सकती है तो कुछ गलती आपकी सहेली की भी। इसलिए शांत मन से पहले अपनी

**घर जाकर मनाएं :** अगर आपकी सहेली आपसे फोन पर बात नहीं करना चाहती तो उसे मनाने के लिए उसके घर चली जाएं। घर कभी खाली हाथ ना जाएं। उसके फेवरेट स्वीट्स या चॉकलेट लेकर जाएं। जब वह खाने के लिए अपनी फेवरेट चीज देखेगी, उसकी नाराजगी दूर होते देर नहीं लगेगी। अपनी सहेली को आप उसके सामने उसका पसंदीदा गाना गाकर भी मना सकती हैं।

**बाहर लेकर घूमने जाएं :** जब आपकी दोस्त नाराज हो जाए तो उसको आसानी से अकेले ना छोड़ें, उसके साथ ज्यादा टाइम बिताएं। समय हो तो उसे उसकी फेवरेट जगह पर लेकर घूमने जाएं। यहां आकर उसका मूड फ्रेश हो जाएगा। उसकी नाराजगी दूर हो जाएगी।

**किसी कॉमन फ्रेंड की हेल्प लें :** अपनी सहेली की नाराजगी को दूर करने के लिए आप किसी ऐसी फ्रेंड की हेल्प ले सकती हैं, जो दोनों की कॉमन फ्रेंड हो। इस फ्रेंड के जरिए नाराज सहेली से मिलें, उसे गले लगा लें। उसकी सारी नाराजगी पलक झपकते दूर हो जाएगी। *

---

अगर किसी वजह से इस बार फ्रेंडशिप-डे पर आप अपने दोस्तों से नहीं मिल पाएंगी तो निराश ना हों। अपनी सहेली से दूर रहकर भी तकनीक की हेल्प से फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट कर सकती है, कैसे बता रहे है आपको।





# जब दोस्त हो दूर तो ऐसे सेलिब्रेट करें फ्रेंडशिप-डे

आइडिया / ममता

उम्र कोई भी हो हमें दोस्त के साथ की जरूरत हमेशा महसूस होती है। उसके साथ अधिक से अधिक समय बिताने का मन करता है। उसका साथ मन को खुशी से भर देता है। जब अवसर हो फ्रेंडशिप-डे का तब तो हम अपने फ्रेंड के साथ इस दिन को भरपूर सेलिब्रेट करना चाहते हैं। लेकिन कई बार दोस्त से मिलना संभव नहीं हो पाता है। पढ़ाई या जॉब की वजह से ना चाहते हुए भी अपने दोस्तों से दूर रहना पड़ता है। ऐसे में अगर आपके पास दोस्तों से मिलने के लिए जाने का समय नहीं है, तो उदास ना हों। आप दूर रहकर भी अपने दोस्तों के साथ फ्रेंडशिप-डे को यादगार बना सकती हैं। ऐसे ही कुछ आइडियाज के बारे में जानिए।

## वीडियो कॉल करें

अगर आप अपने दोस्तों से दूर रहती हैं, तो वीडियो कॉल के जरिए बातचीत कर सकती हैं। इस दौरान आप दोस्तों के साथ गेम खेल सकती हैं। उनके साथ अपनी खुशियां बांट सकती हैं। इसके लिए आप जूम या जियोमीट या गूगलमीट जैसे एप्स का यूज कर सकती हैं। वीडियो कॉलिंग के जरिए भी खूब सारी बातें और मस्ती कर सकती हैं। अगर वीडियो कॉल में कोई प्रॉब्लम आ रही है तो नॉर्मल वॉयस कॉलिंग तो कर ही सकती हैं।




## वर्चुअल गेम खेलें

फ्रेंडशिप-डे पर दोस्तों के साथ वर्चुअल गेम खेलना काफी अच्छा आइडिया हो सकता है। दोस्तों के साथ गेम्स खेलने का मजा ही अलग होता है। इसके लिए आप वर्चुअल गेम नाइट का आयोजन कर सकती हैं। इससे आपको अपने दोस्तों से दूर होने का अहसास भी नहीं होगा।

## वीडियो कोलाज बनाकर भेजें

आप अपने दोस्तों को वीडियो कोलाज बनाकर भी शेयर कर सकती हैं। इसमें आप दोस्तों के साथ वाली पुरानी फोटोज का इस्तेमाल कर सकती हैं। इनका कोलाज बनाएं और अपने दोस्त को भेजें। इससे आपको अपनी सारी मेमोरी याद आएंगी। इन फोटोज को देखने से आपके चेहरे पर एक स्माइल जरूर आएगी।



## भेजें ऑनलाइन गिफ्ट

फ्रेंडशिप-डे पर आप अपने दोस्त को गिफ्ट भी भेजवा सकती हैं। अगर आपकी दोस्त फिटनेस फ्रीक है, तो उसके लिए आप स्मार्ट वॉच, पोर्टेबल ट्रेडमिल, डाइट मीटर या फिटनेस ट्रैकर गिफ्ट कर सकती हैं। अगर दोस्त पढ़ने की शौकीन है, तो आप उसे उसके फेवरेट राइटर की बुक भी गिफ्ट कर सकती हैं। आप किसी ई-कॉमर्स वेबसाइट से उसे जल्द गिफ्ट भेजवा सकती हैं, ताकि फ्रेंडशिप-डे से पहले उसको यह गिफ्ट मिल जाए। *

# ग्रुप चरण से ही वर्ल्ड नंबर-2 जर्मनी, ओलंपिक चैंपियन कनाडा जैसी दिग्गज टीमें बाहर

एजेंसी ▶▶| सिडनी

महिला फुटबॉल का महासमर इस बार कई मायने में अनूठा है और इसने खेल के वैश्विक मानचित्र में बदलाव का सूत्रपात कर दिया जब जर्मनी, ब्राजील और कनाडा जैसे दिग्गज विश्व कप से बाहर हो गए। आश्चर्यों से भरे विश्व कप में सबसे बड़ा उलटफेर तब देखा गया जब दुनिया की दूसरे नंबर की टीम और दो बार की विश्व कप विजेता टीम जर्मनी अपने इतिहास में पहली बार ग्रुप चरण में बाहर हो गई।

इसके अलावा कोपा अमेरिका चैंपियन ब्राजील और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कनाडा ने टूर्नामेंट के पहले चरण में बाहर होकर फुटबॉल के प्रशंसकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। टूर्नामेंट में मोरक्को, दक्षिण अफ्रीका और जमैका ने अलग इतिहास रचते हुए नॉकआउट चरण में जगह बनाई है।




## महिला विश्व कप : मोरक्को, द.अफ्रीका और जमैका ने इतिहास रच नॉकआउट में पहुंचे



### कमजोर टीमें बढ़ीं आगे

*एजेंसी ने कुछ कारकों पर नजर डाली जिससे सामने आया कि कैसे पारंपरिक दिग्गज टीमों और तेजी से खत्म हो रही कमजोर टीमों के बीच अंतर कम हो रहा है। जमैका ने उद्घाटन मुकाबले में फ्रांस को एक भी गोल नहीं करने दिया और मैच 0-0 पर ड्रा हो गया। यही तरकीब उसने जर्मनी के खिलाफ भी लगाई। जमैका के कोच लॉर्न डोनाल्डसन ने कहा, 'मुझे लगता है कि छोटे देश भी आगे बढ़ रहे हैं और कह रहे हैं कि हम भी यह कर सकते हैं।'*



### एलिस आश्चर्यचकित

अमेरिका को वर्ष 2015 और 2019 में विश्व कप विजेता बनने के दौरान कोचिंग देने वाली जिल एलिस ने कहा, 'अगर मैं साफ तौर पर कहूं तो मैं सच में आश्चर्यचकित हूं। मुझे लगता है कि जब आप अचानक जर्मनी और ब्राजील जैसी टीमों को विश्व कप से ग्रुप चरण के दौरान बाहर होते हुए देखते हो, तो मुझे नहीं लगता हम में से किसी ने ऐसा अनुमान लगाया होगा।'

### अमेरिका, फ्रांस का बुरा हाल

दुनिया की नंबर एक टीम अमेरिका कभी भी तीसरे स्थान से नीचे नहीं रही। पूर्व चैंपियन रही अमेरिकी टीम नॉकआउट चरण में तो पहुंच गई है लेकिन बहुत कमजोर दिख रही है। पांचवें स्थान पर काबिज फ्रांस का भी यही हाल है।

### ग्रुप चरण रहा रोमांचक

महिला फुटबॉल में बढ़ती समानता ने विश्व कप के ग्रुप चरण को रोमांचक बना दिया है, जिसमें गुरुवार का दिन उलटफेर से भरा रहा। मोरक्को ने कोलंबिया को 1-0 से हराया जबकि दक्षिण कोरिया ने जर्मनी के साथ मुकाबले को 1-1 पर ड्रा कर दिया। जर्मनी का इस मुकाबले के साथ विश्व कप का सफर समाप्त हो गया।

### महिला फुटबॉल में हुआ विकास

फिटनेस की भूमिका को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता। मैदान पर छोटी टीमें अलग ही ऊर्जा के साथ प्रदर्शन कर रही हैं। महिला फुटबॉल में लगातार विकास भी देखा जा रहा है। फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन ने कहा है कि उसने महिलाओं के खेल में एक अरब डॉलर का निवेश किया है और 211 सदस्य संघों में लगभग 168 विकास कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### नए प्रारूप से बढ़े रोमांच

महिला विश्व कप के नए प्रारूप को भी कुछ हद तक खेल में समानता का कारण माना जा सकता है। वर्ष 2019 में टूर्नामेंट को 24 टीमों से बढ़ाकर 32 करने के फैसले पर संदेह था कि इससे अधिक एकतरफा खेल होंगे और मैचों के रोमांच में कमी आएगी। इस बार महिला विश्व कप ने इस संदेह को भी दूर कर दिया।

## एक नज़र



### हमारी ताकत है पेनल्टी कॉर्नर : हार्दिक

**चेन्नई।** भारत के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि पेनल्टी कॉर्नर मेजबान टीम की ताकत है और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में वे इसका पूरा इस्तेमाल करेंगे। भारत ने पहले मैच में चीन को 7-2 से हराया और छह गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए हुए। हार्दिक ने मैच के बाद कहा, 'पेनल्टी कॉर्नर हमारी ताकत हैं। हम उसका पूरा इस्तेमाल करेंगे। हमें खुशी है कि पेनल्टी पर गोल हो रहे हैं। हमारा लक्ष्य पेनल्टी कॉर्नर की दर बेहतर रखना और कम से कम दो या तीन गोल उसके जरिए करना है। इसके अलावा हर क्वार्टर में मौके बनाने हैं।'

### भारत, वेस्टइंडीज पर लगा जुर्माना

**दुबई।** भारत और वेस्टइंडीज की टीमों पर त्रिनिदाद के तारोबा में पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया। गुरुवार को खेले गए मुकाबले के दौरान भारत पर न्यूनतम ओवर गति से एक ओवर कम होने के कारण मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, वहीं वेस्टइंडीज पर न्यूनतम ओवर गति से दो ओवर कम रहने के कारण मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

### भारत की मार्टिना देवी ने रजत पदक जीता

**ग्रेटर नोएडा।** भारत की मार्टिना देवी ने एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में शुक्रवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन से पहले महिलाओं की 81 किग्रा से अधिक युवा वर्ग में रजत पदक जीता। मार्टिना ने कुल 218 किग्रा (95+123) वजन उठाकर युवा वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। वियतनाम की थी हिएन ट्रान ने कुल 224 किग्रा (100+124) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि उज्बेकिस्तान की लोलाखोना अब्दुरशीदोवा ने 193 किग्रा (83+110) के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।

### याराजी ने 100 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य जीता

**चेंगदू।** स्टार एथलीट ज्योति याराजी ने शुक्रवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय खेलों के 100 मीटर बाधा दौड़ में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर कांस्य पदक हासिल किया। यह इस स्पर्धा में भारत का पहला पदक है।
तेईस साल की याराजी ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में 12.78 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रदर्शन से उन्होंने अक्टूबर 2022 में दर्ज किए गए 12.82 सेकंड के अपने पहले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर किया। स्लोवाकिया की विक्टोरिया फोर्स्टर ने 12.72 सेकंड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन की यान्नी वू ने 12.76 सेकंड के साथ रजत पदक जीता।

## आस्ट्रेलिया ओपन : फाइनल में पहुंचेगा कोई एक भारतीय

# सिंधु, श्रीकांत बाहर, प्रणय के सामने सेमीफाइनल में राजावत की चुनौती

एजेंसी ▶▶| सिडनी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू आस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन महिला एकल क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की बेवेन झांग से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गई। एच एस प्रणय और युवा प्रियांशु राजावत ने जीत के साथ अंतिम चार में जगह पक्की की। पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रणय और राजावत एक दूसरे के आमने सामने होंगे, जिससे टूर्नामेंट के फाइनल में किसी भारतीय की उपस्थिति सुनिश्चित हो गई।

ऑरलियन्स मास्टर्स चैंपियन राजावत ने हमवतन किदांबी श्रीकांत को एकतरफा क्वार्टर फाइनल में 21-13, 21-8 से हराकर पहली बार सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल जगह बनाई। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय दुनिया को हालांकि दूसरे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका जिंटिंग के खिलाफ एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ा। उन्होंने 73 मिनट तक चले मुकाबले के शुरुआती गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 16-21, 21-17, 21-14 से कड़ी जीत हासिल की।




### राजावत उभरते स्टार खिलाड़ी

प्रणय दुनिया के 31वें नंबर के राजावत के खिलाफ 1-0 की बढ़त के साथ सेमीफाइनल में उतरेंगे, जिन्होंने उन्हें 2022 में सैयद मोदी इंटरनेशनल में हराया था। मध्य प्रदेश के 21 वर्षीय राजावत आठ साल की उम्र में पुलेला गोपीचंद की ग्वालियर अकादमी में शामिल हुए थे। उन्होंने पिछले एक साल में अपने खेल में काफी सुधार किया है। राजावत ने इस सत्र में जिंटिंग, जापान के कोडाई नाराओका और हमवतन लक्ष्य सेन से शीर्ष खिलाड़ियों को तीन गेम तक चले मुकाबले में कड़ी टक्कर दी है।

### तीसरे दौर में हारी सिंधू

*पिछले कई टूर्नामेंटों से शुरुआती दौर में ही बाहर होने के कारण विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसकी सिंधू को दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी झांग ने 39 मिनट में 21-12, 21-17 से हरा दिया। पिछले दस मुकाबलों में सिंधू ने झांग को छह बार हराया है लेकिन चीनी मूल की*



*इस अमेरिकी खिलाड़ी से आज पार नहीं पा सकी। सिंधू ने हमवतन अष्मिता चालिहा और आकर्षि कश्यप को पहले दो दौर में हराया था लेकिन झांग से हार निराशाजनक रही। वह इस साल 12 बीडब्लूएफ विश्व टूर टूर्नामेंटों में से सात में जल्दी बाहर हो गई।*

# भारत ने रचा इतिहास

## कंपाउंड टीम बनी आर्चरी वर्ल्ड चैंपियन



एजेंसी ▶▶| बर्लिन

**विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप**

विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में भारत की महिला कंपाउंड टीम ने इतिहास रचते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी की भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने शुक्रवार को बर्लिन में स्वर्ण पदक जीता। यह किसी भी वर्ग में तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला स्वर्ण है।

भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक के लिए फाइनल में मैक्सिकन कंपाउंड टीम डैफने क्विंटेरो, एना सोफा हर्नांडेज जियोन और एंड्रिया बेसेरा को 235-229 से हराया। क्वालिफिकेशन राउंड में दूसरे स्थान पर रहे भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में मौजूदा चैंपियन कोलंबिया को 220-216 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। पहले राउंड में बाई मिलने के बाद, भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने क्रमशः क्वार्टर फाइनल और प्री-क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे और तुर्की को हराया था। भारत ने इसे पहले विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में 9 रजत और 2 रजत सहित 11 पदक जीते थे।

### साई ने दी जीत की बधाई

*स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने महिला खिलाड़ियों को बधाई देते हुए लिखा, भारत ने बर्लिन में रचा इतिहास, महिला कंपाउंड टीम ने फाइनल में 235-229 से जीतकर विश्व चैंपियंस का ताज पहना। यह विश्व चैंपियनशिप में टीम इंडिया का पहला गोल्ड मेडल है। लड़कियों को बहुत-बहुत बधाई! आप पर बहुत गर्व है।*

## चोटिल इकबाल ने बांग्लादेश की कप्तानी छोड़ी, एशिया कप से हटे

एजेंसी ▶▶| ढाका



बाएं हाथ के बल्लेबाज तामिम इकबाल ने कमर की चोट के कारण एशिया कप से बाहर होने के बाद बांग्लादेश की वनडे टीम की कप्तानी छोड़ दी। एशिया कप 31 अगस्त से दो सितंबर तक पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाएगा। 34 वर्ष के तामिम ने अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन बाद में फैसला बदल दिया।

तामिम ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मैं कप्तानी से हट रहा हूं और एक खिलाड़ी के तौर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करूंगा। चोट का मसला है। मैने बोर्ड को इसके बारे में बता दिया है। मैने हमेशा टीम को सर्वोपरि रखा है। उसे ध्यान में रखकर कप्तानी छोड़ना ही सर्वश्रेष्ठ फैसला है।' पिछली बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के दखल देने के बाद तामिम ने अपना फैसला बदला था लेकिन उन्होंने कहा कि इस बार वह प्रधानमंत्री को बता चुके हैं।

### तिलक का सपना विश्व कप जीतना

**तारोबा।** तिलक वर्मा ने सोचा नहीं था कि भारत के लिए पदार्पण का मौका कॅरियर में इतनी जल्दी मिल जायेगा लेकिन अब यह सपना पूरा होने के बाद उनका लक्ष्य विश्व कप जीतना है। 2020 अंडर 19 विश्व कप टीम का हिस्सा रहे 20 वर्ष के वर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मैच में 22 गेंद में 39 रन बनाए। वर्मा ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 'हर किसी का सपना देश के लिए खेलने का होता है। मैने कभी सोचा नहीं था कि कॅरियर में इतनी जल्दी भारत के लिए खेलने का मौका मिलेगा।'



**एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी**

## गत चैंपियन कोरिया ने पाक को 1-1 की बराबरी पर रोका


एजेंसी ▶▶| चेन्नई

गत चैंपियन दक्षिण कोरिया ने लगभग 35 मिनट तक पिछड़ने के बाद एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शुक्रवार को यहां मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में पाकिस्तान को 1-1 की बराबरी पर रोका। पाकिस्तान गुरुवार को अपने शुरुआती मैच में मलेशिया से 1-3 से हार गया था। मैच के 18वें मिनट में अब्दुल शाहिद के गोल से पाकिस्तान ने मैच में बढ़त बना ली। जिहुन यांग ने 53वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर स्कोर 1-1 कर दिया। पाकिस्तान के कप्तान उमर भुट्टा को उनके 200वें अंतरराष्ट्रीय मैच में भाग लेने के लिए मुकाबले से पहले हॉकी इंडिया द्वारा सम्मानित किया गया।



### वुशू खिलाड़ी सरवर डोप टेस्ट में विफल

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों में भाग लेने जा रहे वुशू खिलाड़ी ओवैस सरवर अहेंगर और एक नाबालिग तैराक को डोप टेस्ट में नाकाम रहने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी ने अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया है। नाडा के अनुसार 23 वर्ष के सरवर के डोप टेस्ट में 19 नोरांड्रोस्टेरोन समेत कई प्रतिबंधित दवाओं के अंश पाए गए हैं। इनमें मेफेंटेरमाइन और फेंटेरमाइन शामिल है। नाबालिग तैराक को भी 19 नोरांड्रास्टेरोन के सेवन का दोषी पाया गया।



## आरसीबी में फ्लावर बने मुख्य कोच, हेसन-बांगड़ को हटाया



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने शुक्रवार को जिम्बाब्वे के पूर्व अनुभवी क्रिकेटर एंडी फ्लावर को मुख्य कोच बनाया जिससे माइक हेसन और संजय बांगड़ के साथ नाता भी टूट गया। आरसीबी के क्रिकेट परिचालन निदेशक हेसन और मुख्य कोच बांगड़ का अनुबंध सितंबर तक था लेकिन फ्रेंचाइजी ने उसका नवीनीकरण नहीं करने का फैसला किया।

आरसीबी के उपाध्यक्ष और प्रमुख राजेश मेनन ने लंदन में फ्लावर से मुलाकात की जिसके बाद उनके नाम का ऐलान किया गया। पिछले दो सत्र में आईपीएल की लखनऊ सुपर जाइंट्स के कोच रहे फ्लावर ने कहा, 'मुझे आरसीबी से जुड़ने का फख्र है। माइक हेसन और संजय बांगड़ ने काफी मेहनत की है और अब मैं आरसीबी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की कोशिश करूंगा।' फ्लावर 12 साल तक इंग्लैंड क्रिकेट टीम के साथ भी रहे।

## 11 टेस्ट, 70 एकदिवसीय और 75 टी-20 में किया देश का प्रतिनिधित्व

# इंग्लैंड के हेल्स ने क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास की घोषणा की। हेल्स ने अगस्त 2011 में मैनचेस्टर में टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने 11 टेस्ट, 70 एक दिवसीय और 75 टी20 में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया।

हेल्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। तीनों प्रारूपों में 156 मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैंने जीवन भर के लिए कुछ यादें और कुछ दोस्त बनाए है। मुझे लगता है कि अब आगे बढ़ने का सही समय है।'



### हेल्स का प्रदर्शन

हेल्स ने 75 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 30.95 कर औसत से 2074 रन बनाए। इस प्रारूप में उन्होंने एक शतक और 12 अर्धशतक लगाया। वह 11 टेस्ट में पांच अर्धशतक की मदद से महज 573 (27.28 की औसत के साथ) रन ही बना सके।

### विश्व कप से मिली संतुष्टि

हेल्स ने इंग्लैंड के लिए अपना आखिरी मैच 2022 के टी20 विश्व कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न में खेला था। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड की जर्सी में कुछ ऊंचाइयों के साथ नाकामियों को भी अनुभव किया है। इस एक अविश्वसनीय यात्रा के दौरान मुझे बहुत संतुष्टि महसूस हो रही है कि इंग्लैंड के लिए मेरा आखिरी मैच विश्व कप फाइनल जीतना था।'

### वनडे में खेली दूसरी बड़ी पारी

हेल्स 2019 में विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड की टीम का हिस्सा नहीं थे। ड्रग सेवन से जुड़े मामले में उन्हें 21 दिन के लिए प्रतिबंधित किया गया था और तत्कालीन कप्तान इयोन मोर्गन ने इसे 'पूरी तरह से भरोसा तोड़ने वाला करार दिया था। हेल्स ने हालांकि सफेद गेंद में इंग्लैंड की टीम को फिर से शीर्ष पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी 92 गेंद की 147 रन की पारी के दम टीम ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छह विकेट पर 481 रन बनाए थे। यह एकदिवसीय क्रिकेट का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है।

# नूंह में अब तक 176 उत्पाती गिरफ्तार और 93 एफआईआर दर्ज

## आरोपियों को कोर्ट में किया गया पेश

एजेंसी ▶▶ नूंह

हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के बाद अब हालात सामान्य करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। गुरुवार को राज्य सरकार ने 3 घंटे के लिए इंटरनेट प्रतिबंध में छूट दी है। हिंसा के बाद नूंह, फरीदाबाद, गुरुग्राम और पलवल के कुछ इलाकों में इंटरनेट बंद करवा दिया गया था। अब करीब 3 दिन के बाद इसमें कुछ घंटे की ढील मिली है। राज्य सरकार ने आवेदकों के लिए यह छूट दी है। हिंसा के मामलों में राज्य पुलिस का एक्शन तेज है, अभी तक नूंह और आसपास के इलाकों में हुई हिंसा में एब तक 94 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें सबसे ज्यादा नूंह में 42 एफआईआर, गुरुग्राम में 22, रेवाड़ी में 3 और पलवल में 16 एफआईआर हुई हैं। अभी तक 176 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सबसे ज्यादा 139 गिरफ्तारी नूंह से की गई है, जबकि गुरुग्राम से 21 और पलवल से 5 गिरफ्तारियां हुई हैं। पुलिस ने 78 लोगों को हिरासत में भी लिया है।

- राज्य पुलिस की कार्रवाई तेज, कई और कंपनियों को किया गया तैनात
- कई स्थानों पर पुलिस ने तलाशी और धर-पकड़ अभियान चलाया

### उपद्रवियों की तस्वीरें सामने आईं, मास्क से मुंह छिपाकर थाने में बैठे



ब्रजमंडल धार्मिक जलाभिषेक यात्रा हिंसा मामले में हरियाणा पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके साथ ही 60 लोगों के घायल होने की पुष्टि पुलिस-प्रशासन ने की है। हिंसा करने वाले उपद्रवियों की तस्वीर सामने आई। नूंह के सदर थाने में आरोपी जमीन पर बैठे दिखाई दे रहे हैं। सभी आरोपियों ने मास्क लगाया हुआ है। दरअसल, हरियाणा के नूंह में हिंदू संगठनों ने हर वर्ष की तरह इस साल भी 31 जुलाई को ब्रजमंडल धार्मिक जलाभिषेक यात्रा निकाली गई थी। यात्रा पर पथराव हो गया। देखते ही देखते भीड़ ने वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी कर डाली।

### एसआईटी कर रही कार्रवाई

## कोर्ट पहुंचे आरोपी, न्यायिक हिरासत में भेजा

सांप्रदायिक हिंसा की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया गया है। वहीं, सीएम मनोहरलाल ने हिंसा में हुए नुकसान की वसूली उपद्रवियों से ही करने का ऐलान किया। उपद्रवियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 19 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है।



### किसी ताजा हिंसा की सूचना नहीं: एसपी



हरियाणा के नूंह जिले के मौजूदा हालात पर एसपी वरुण सिंगला ने कहा कि शुरुआती घटना के बाद किसी ताजा हिंसा की सूचना नहीं मिली है। सभी इलाकों में फोर्स तैनात कर दी गई है। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की करीब 14 कंपनियां बाहर से बुलाई गई हैं जबकि हरियाणा पुलिस की भी 21 कंपनियां तैनात की गई हैं। दिन-रात चौकसी बरती जा रही है

### एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट प्रतिबंध पर छूट

हरियाणा सरकार ने नूंह, फरीदाबाद और पलवल जिलों और जिला गुरुग्राम के उपमंडल सोहना, पटौदी और मानेसर के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में मोबाइल इंटरनेट निलंबन को गुरुवार दोपहर एक बजे से शाम 4 बजे तक आंशिक रूप से हटा दिया है। कर्फ्यू लगा है और जिले में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अब तीन घंटे छूट देने का फैसला लिया है। सीईटी टेस्ट का एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट प्रतिबंध पर यह छूट दी गई है।नूंह में हिंसक झड़प के बाद स्थानीय लोगों को अपने रोजमर्रा के काम करने में परेशानी हो रही है। एक स्थानीय केअनुसार यहां डर का माहौल बना हुआ है। हम सुबह जा रहे थे तो लग रहा था कि कहीं पीछे से कोई आ ना जाए। हम अपने बच्चों को भी बाहर नहीं भेज रहे हैं। मोहल्ले में सब्जी की मंडी भी नहीं लग रही है।

## एक नज़र

### दक्षिण कन्नड़ के रेलवे स्टेशनों की बदलेगी सूरत

**मंगलुरु।** दक्षिण कन्नड़ के छह सांसद और भाजपा के राज्य इकाई के अध्यक्ष नलिन कुमार कतील ने कहा कि केंद्र सरकार ने 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत 'मंगलुरु जंक्शन रेलवे स्टेशन' को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर अपग्रेड करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसकी नींव रखेंगे।



### 9 को राहुल राजस्थान में करेंगे 'मिशन रिपीट'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व सांसद राहुल गांधी 9 अगस्त को राजस्थान दौरे पर आ रहे हैं। वे बांसवाड़ा जिले के मानगढ धाम में सभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस ने राहुल के दौरे की तैयारियां तेज कर दी है। तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा सहित कई मंत्रियों और पदाधिकारियों ने बांसवाड़ा के दौरे किए हैं।



### कालका-शिमला हाईवे पर लैंडस्लाइड, लोग फंसे

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कालका-शिमला नेशनल हाईवे-5 के चक्कीमोड़ के पास भारी भूस्खलन के चलते वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। एनएच के पर्सनल विभाग के अनुसार अभी दो दिन गुरुवार और शुक्रवार को एनएच बंद रहेगा। मंगलवार देर रात 2:45 बजे हाईवे चक्कीमोड़ के समीप बंद हो गया था। निचली लेन का बड़ा हिस्सा ढह गया था।



### अवैध तरीके से रह रहे 3 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में आतंकवाद निरोधक दस्तेके अधिकारियों ने एक आवासीय परिसर पर छापेमारी कर अवैध रूप से रहने के आरोप में 3 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। खारघर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर एटीएस की एक टीम ने ओवेगांव में एक आवासीय परिसर पर छापा मारा था।



### बेंगलुरु में पानी की टंकी गिरने से तीन की मौत

**बेंगलुरु।** यहां बुधवार रात को पानी की टंकी गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। टंकी बिल्डिंग की चौथी मंजिल से नीचे फूड स्टॉल पर गिरी थी। ये घटना शिवाजी नगर बस स्टैंड के पास की है। अरुल (फूड स्टॉल मालिक) की मौके पर मौत हो गई। दूसरा मृतक ग्राहक था, जिसकी पहचान नहीं हुई है। तीसरे घायल ने भी बाद में दम तोड़ दिया।



### लोकसभा में गृहमंत्री शाह ने विपक्ष के सवालों का दिया जवाब और कहा

# दिल्ली सेवा बिल लोकसभा से पास, विपक्ष ने किया वॉकआउट, आप सांसद निलंबित

## अध्यादेश पर आप और केंद्र के बीच चल रहा टकराव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सेवा विधेयक मौजूदा अध्यादेश की जगह लेगा जो दिल्ली सरकार को अधिकांश सेवाओं पर नियंत्रण देने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश को रद्द कर देता है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी और केंद्र के बीच प्रमुख टकराव रहा है। गुरुवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 पारित हो गया। केंद्र ने 19 मई को अध्यादेश जारी किया था जो दिल्ली में ग्रुप ए अधिकारियों के स्थानांतरण और पोस्टिंग के लिए प्राधिकरण से संबंधित है। यह अध्यादेश सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कुछ दिनों बाद लाया गया था कि दिल्ली की निर्वाचित सरकार का कानून और व्यवस्था, पुलिस और भूमि के मामलों को छोड़कर अन्य सेवाओं पर नियंत्रण है। बता दें, आप का इस अध्यादेश को लेकर केंद्र के साथ टकराव है। चर्चा के दौरान आप सांसद सुशील रिंकू को आसंदी के सामने कागज फाड़ने के लिए वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया गया।



### विपक्ष पर बोला हमला

शाह ने कहा कि कुछ सदस्यों ने कहा कि इस विधेयक को सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन करके लाया गया है, लेकिन वह उन सदस्यों से कहना चाहते हैं कि कोर्ट के फैसले के मनपसंद हिस्से की बजाए पूरा संदर्भ दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले में पैरा 86, पैरा 95 और पैरा 164 (एफ) में स्पष्ट किया गया है कि अनुच्छेद 239 (ए) (ए) में संसद को दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के विषय पर कानून बनाने का अधिकार है।

### बंगले व भ्रष्टाचार का सच छिपाना 'आप' का लक्ष्य

उन्होंने कहा कि 1993 के बाद दिल्ली में कभी कांग्रेस और कभी भाजपा की सरकार आई। दोनों में से किसी दल ने दूसरे के साथ झगड़ा नहीं किया, लेकिन 2015 में ऐसी सरकार आई, जिसका मकसद सेवा करना नहीं, झगड़ा करना है। उन्होंने कहा कि इनका मकसद कानून व्यवस्था और स्थानांतरण पर नियंत्रण नहीं, बल्कि विजिलेंस को नियंत्रण में लेकर बंगले और भ्रष्टाचार का सच छिपाना है।

### भले गठबंधन बना लें, सरकार मोदी की ही बनेगी

उन्होंने 26 विपक्षी दलों द्वारा मिलकर बनाए गए इंडिया गठबंधन पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अलायंस कर लो लेकिन एक बार फिर मोदी की सरकार बनने वाली है। अलायंस करके अगर आप सोचते हो कि जनता का विश्वास हासिल होगा, लेकिन अपने घोटालों के कारण आप वहां बैठे हो। कांग्रेस को बता देता हूं आप बिल पास होने के बाद आपके साथ आने वाले नहीं है।

### नाराज ओम बिरला को मनाने की कोशिश

वे हमारे संरक्षक, लोकसभा का संचालन करें: विपक्षी सांसद

संसद के मानसून सत्र को शुरू हुए 12 दिन का समय बीत चुका है लेकिन मणिपुर मुद्दे पर हंगामे के चलेत सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। सांसदों के हंगामे से सभापति ओम बिरला भी नाराज हैं और लोकसभा की कार्यवाही का संचालन नहीं कर रहे हैं। अब विपक्षी सांसद अधीर रंजन चौधरी ने अपील की है कि लोकसभा सभापति बिरला कार्यवाही का संचालन करें। गुरुवार को सभापति के आसन पर राजेंद्र अग्रवाल बैठे। चौधरी ने कहा कि वे हमारे संरक्षक हैं। इस पर अग्रवाल ने कहा कि वे उनका संदेश सभापति तक पहुंचा देंगे।



### विपक्ष ने की 'मध्य मार्ग समाधान' की पेशकश

देश के विपक्षी दलों ने संसद में मणिपुर को लेकर गतिरोध समाप्त करने के लिए 'बीच के रास्ते' की पेशकश की है। माना जा रहा है कि विपक्ष की ओर से यह पेशकश इसलिए की गई है, ताकि राज्य में फैली अशांति पर सरकार के साथ चर्चा शुरू की जा सके। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट किया। आईएनडीआईए की पार्टियों ने गतिरोध को समाप्त करने और मणिपुर पर राज्यसभा में निर्बाध तरीके से चर्चा कराने के लिए सदन के नेता को एक 'मध्य मार्ग समाधान' की पेशकश की है। आशा है कि मोदी सरकार सहमत होगी।



### लोकसभा में डिजिटल डेटा बिल पेश

केंद्र सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2023 पेश किया। विपक्ष की नारेबाजी के बीच केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिल को पटल पर रखा। इसे विपक्षी सांसदों ने लोगों के निजी अधिकारों पर हमला बताया। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा, इस बिल के जरिए सरकार सूचना का अधिकार, कानून और निजता के अधिकार को कुचलने जा रही है।



### ये भी वाकया भी सामने आया

## 45 वर्षों से अधिक समय से विवाहित हूं, मैं कभी गुस्सा नहीं करता

### धनखड़ की बात पर सदन में गूंजे ठहाके



11वें दिन भी सदन में जोरदार हंगामा हुआ। विपक्ष लगातार मणिपुर मुद्दे को लेकर पीएम मोदी के बयान की मांग कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि पीएम नरेंद्र मोदी को सदन में आकर जवाब देना चाहिए। गुरुवार को भी सदन में गतिरोध जारी है। इस बीच राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के बयान से सदन में हंसी गूंज पड़ी। सांसद सदस्य जोर से ठहाके लगाने लगे। उन्होंने कहा कि मैं 45 वर्ष से अधिक समय से विवाहित हूं, कभी गुस्सा नहीं करता।

### अधीर रंजन बोले आपके मुंह में घी-शहद शाह ने किया पलटवार

शाह ने लोकसभा में दिल्ली सर्विस बिल पर कहा कि जिस बिल का विरोध किया जा रहा है, एक समय पंडित नेहरू ने इसकी सिफारिश की थी। शाह ने कई बड़े नेताओं का नाम गिनाते हुए कहा कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने को वो खिलाफ थे।उन्होंने कहा, अमित शाह के मुंह से नेहरू जी की तारीफ सुनी तो लगा कि दिन में ये कैसे हो गया? उनके मुंह में घी शक्कर। इस पर शाह ने कहा कि मैंने नेहरू जी के शब्दों को दोहराया है। आपको तारीफ समझना है तो समझिए।



### रेड्डी की पार्टी के स्टैंड पर चड्ढा बोले- 'लगेगी आग तो...'

दिल्ली के अधिकारियों की ट्रांसफर और पोस्टिंग से जुड़े अध्यादेश की जगह लेने वाले विधेयक पर गुरुवार को लोकसभा में चर्चा शुरू हुई। आंध प्रदेश के सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआर कांग्रेस ने कहा कि वो विधेयक के पक्ष में है। आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने पलटवार करते हुए कहा कि लगेगी आग तो आएंगे घर कई जद में, यहां पे सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है।



### शाहजहांपुर में संघ कार्यालय पर हमला

# 5 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस, तीन गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ शाहजहांपुर

यहां के थाना सदर बाजार क्षेत्र में बुधवार रात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यालय पर हमला कर दिया गया। आरोपियों ने कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ की। कार्यालय में रहने वालों को पीटा। इस मामले में 5नामजद और 40-50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने 3आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार रात करीब साढ़े 10 बजे शहीद उद्यान के सामने संघ कार्यालय की दीवार पर कुछ लोग पेशाब कर रहे थे। महानगर प्रचारक मंजीत ने विरोध किया तो युवकों ने गाली-लौज शुरू कर दी। मंजीत ने तुरंत विभाग कार्यवाह रवि मिश्रा को सूचना दी।

### विभाग कार्यवाह ने दर्ज कराई रिपोर्ट



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। संघ कार्यकर्ताओं ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। विभाग कार्यवाह रवि मिश्रा ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मुख्य आरोपी शशांक गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अमन, शिवांक और शेखर और 40-50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### जल्द होगी अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी

एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि संघ कार्यालय की दीवार पर पेशाब करने से मना करने पर शशांक गुप्ता और उसके साथियों ने कार्यालय के लोगों से मारपीट, तोड़फोड़ और गाली-गलौज की थी। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मुख्य आरोपी शशांक समेत 3लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### ओडिशा हाई कोर्ट का आदेश

## महिला विरोध नहीं करती तो जबरदस्ती नहीं माना जा सकता

**भुवनेश्वर।** दुष्कर्म के मामले की सुनवाई करते हुए ओडिशा हाई कोर्ट ने कहा कि अगर महिला शारीरिक संबंध बनाने के लिए पर्याप्त विरोध नहीं करती है तो कोर्ट इसे जबरदस्ती नहीं मानता। महिला जबरन शारीरिक संबंध बनाने का विरोध कर सकती है। इस मामले में कोर्ट ने आरोपी को रिहा कर दिया और कहा कि जब महिला के शरीर पर कोई निशान नहीं है तो यह कैसे मानें जबरदस्ती की गई थी। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई वयस्क महिला शारीरिक संबंध बनाने का विरोध नहीं करती है तो इसे उसकी सहमति माना जाएगा। जस्टिस संगम कुमार साहू ने कहा कि महिला ने पर्याप्त विरोध नहीं किया।



### मारवाड़ के कुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़



जोधपुर। गुरुवार को जोधपुर के उम्मेद भवन में 'भोगीशेल परिक्रमा', जिसे मारवाड़ का कुंभ भी कहा जाता है, के दौरान लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

### राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता होगी बहाल

# मानहानि मामले में दोषसिद्धि और सजा पर 'सुप्रीम' रोक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मोदी उपनाम को लेकर दर्ज आपराधिक मानहानि मामले में शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी। इससे राहुल की लोकसभा सदस्यता बहाल होने का मार्ग खुल गया है। इस सिलसिले में लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर राहुल गांधी की सदस्यता बहाल करने का आग्रह किया। बता दें, 17वीं लोकसभा का कार्यकाल मई 2024 में समाप्त हो रहा है। जस्टिस बी आर गवई, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने कहा कि निचली अदालत के न्यायाधीश ने राहुल गांधी को दोषी ठहराते और सजा सुनाने का कोई कारण नहीं बताया, सिवाय इसके कि उन्हें अवमानना मामले में शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी थी।



### सत्य की हमेशा जीत होती है: राहुल गांधी

शीर्ष कोर्ट से राहत मिलने के बाद राहुल गांधी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों सच्चाई की जीत होती ही है। मुझे क्या करना है, उसे लेकर मेरे मन में स्पष्टता है।' उन्होंने लोगों को उनका समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने ट्वीट किया, 'चाहे कुछ भी जाए, मेरा कर्तव्य वही रहेगा। भारत की अवधारणा की रक्षा करना।'

### अधिकतम सजा के कारण तो बताते

पीठ ने कहा, 'केवल निचली अदालत के न्यायाधीश द्वारा सुनाई गई इस अधिकतम सजा के कारण, वह जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के दायरे में आ गए। यदि सजा एक दिन कम होती, तो प्रावधान लागू नहीं होते, खासकर जब कोई अपराध गैर संज्ञेय, जमानती और समझौता योग्य हो। निचली अदालत के न्यायाधीश से कम से कम यह अपेक्षा थी कि वह अधिकतम सजा देने के कुछ कारण बताते। शीर्ष अदालत ने कहा कि गांधी की दोषसिद्धि और उसके बाद संसद सदस्यता से अयोग्य करार दिए जाने ने न केवल सार्वजनिक जीवन में बने रहने के उनके अधिकार को प्रभावित किया, बल्कि मतदाताओं के अधिकार को भी प्रभावित किया, जिन्होंने उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना था। पीठ ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं कि बयान अच्छे नहीं थे और सार्वजनिक जीवन में रहने वाले व्यक्ति से सार्वजनिक भाषण देते समय सावधानी बरतने की अपेक्षा की जाती है। गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने पैरवी की।

## एक नज़र



भट्टा बस्ती में मुस्लिम समाज का प्रदर्शन

## गहलोत सरकार असगर के परिजन को दे एक करोड़ और सरकारी नौकरी

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस में आरपीएफ कांस्टेबल की गोलाबारी में मारे गए जयपुर के भट्टा बस्ती इलाके निवासी मो. असगर के परिजन को एक करोड़ रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग करते हुए भट्टा बस्ती में शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग सड़क पर इकट्ठा हुए और मृतक के परिजन को न्याय दिलाने की मांग करने लगे। प्रदर्शन में विधायक रफीक खान भी पहुंचे थे। मो. असगर अपने परिवार में कमाने वाला एकमात्र आदमी था। उसके जाने के बाद उसकी पत्नी और पांच बच्चों का जीवन पर संकट आ गया। न रेलवे विभाग, ना ही केन्द्र सरकार और ना ही राज्य सरकार ने पीड़ित परिवार की अभी तक सुध ली है।



**जयपुर (हिलव्यू समाचार)।** दिनांक 03 अगस्त 2022 को राज्यमंत्री डा. अर्चना शर्मा अध्यक्ष, समाज कल्याण बोर्ड ने बरकत नगर में प्लॉट न. 26 A से 26 H तक बनवाये नये सीमेन्ट रोड़ का उद्घाटन शाम 6:30 बजे किया। यह रोड काफी सालों बाद बनी है। कार्यक्रम में मन्नालाल, नन्चीलाल, दिनेश पारीक, विजेन्द् सैनी, पकंज, सुनीता, सीमा, अनिता, आशीष, चिराग, राधिका आदि मौजूद रहे और सभी ने अर्चना शर्मा का धन्यवाद दिया।

### शहरी सौंदर्य पर ग्रहण लगा रही हैं लगातार बनती अवैध बिल्डिंग्स

# मुँह चिढ़ाती ऊँची-ऊँची बिल्डिंग्स और बौना होकर लाचार खड़ा मालवीय नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर



प्लॉट न.475 गली न.05,राजापार्क



प्लॉट न.527, गली न.05, राजापार्क

**शालिनी श्रीवास्तव**
**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। कभी जयपुर शहर की धड़कन कहा जाने वाला राजापार्क अवैध निर्माणों का अड्डा बन गया है।जयपुर शहर के दिल राजापार्क की गलियाँ ब्लॉक हो रहीं हैं और ब्लॉकेज का कारण है अवैध तरीके से ज़ीरो सेटबैक कर बनती बहुमंज़िला बिल्डिंग्स।

राजापार्क गली नम्बर 5,व्यास मार्ग पर आवासीय प्लॉट 529,मेट्रो 5 कॉफ़ी हाउस के सामने,प्लॉट 527और प्लॉट न.475 व 476 अवैध निर्माण की कहानी कह रहे हैं। ज़ीरोसेटबैक से बनी यह बिल्डिंग्स पूरे भ्रष्ट सिस्टम का नतीजा है।बिना परमिशन लिए अवैध निर्माण ज़ोरों पर है। आवासीय भूखण्ड बदल रहे हैं मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में लंबी चौड़ी सड़कों से निर्मित गलियाँ इन अवैध निर्माणों से सिकुड़ गयीं हैं। राजापार्क के गली न.05 में लगभग 5-6 अवैध इमारतें बन रही हैं जिनका हवाला दिया गया है शुरू में। जिनका मलबा और मेटेरियल गलियों को तो तंग और गंदा कर ही रहा है बाद में कारों की कतारें बिल्डिंग के बाहर जाम और लगा देंगी।

ये है बिल्डिंग बायलॉज के नियमों की धज्जियाँ उड़ाने का ईनाम।पार्षद से लेकर विधायक तक है सेटिंग...... क्या कर लेगा कोई हमारा बातों के जुमले उछालते बिल्डर्स हो गए हैं बेपरवाह और इन बातों को प्रमाणित करते हैं आँखों देखे हालात राजापार्क के और आम जनता की परेशानी का बन रहे है सबब।बिना परमिशन लिए ज़ीरो सेटबैक पर बिल्डिंग बनाकर बिल्डर्स बिल्डिंग बायलॉज के नियमों की हँसी तो उड़ाते ही हैं साथ ही उससे ज्यादा इनकमटैक्स और राजस्व को भी चूना लगाते हैं।

कम लागत में बिल्डिंग बनाकर आम जनता को बेचकर काली कमाई लेकर बिल्डर फुर्र हो जाते है और ठगा सा महसूस करता है आम आदमी जब महंगे दामों में खरीदता है सपनों का आशियाना और बाद में सीलन के साथ-साथ बिल्डिंग की जर्जर हालात झेलता है कुछ माह बाद। शहर की सुंदरता पर काले धब्बे की तरह है ये अवैध निर्माण। शहरी सौन्दर्य की हानि का सबसे कारण यह अवैध निर्माण व अतिक्रमण ही हैं जो बिल्डिंग बायलॉज के इतर जाकर पूर्ण होते हैं।



प्लॉट न.529, गली न.05, राजापार्क

## जेडीए के पीआरएन साउथ के प्रवर्तन अधिकारी सुरेंद्र पंचौली को हुआ दृष्टिदोष

### नहीं दिखाई देते अवैध निर्माण और सड़क पर होते अतिक्रमण?

**जेडीए के हर जोन में करोड़ों के अवैध प्रोजेक्ट्स की सुनामी लहर का आतंक**

कुलदीप गुप्ता (हिलव्यू समाचार)



ज़ीरोसेटबैक और अनुमति के विपरीत होता बहुमंज़िला अवैध निर्माण

### केस न. 01

शिव मंदिर राजेन्द्र प्रसाद नगर ए के पास स्थित सार्वजनिक पार्क के पास खड़ी बहुमंज़िला अवैध बिल्डिंग जेडीए के भ्रष्टाचार की कहानी चीख चीख कर कह रही है।पी आर एन साउथ में आवासीय कॉलोनी में कॉमर्शियल निर्माण हर जगह दिखाई दे रहा है।क्या वजह है कि प्रवर्तन अधिकारी सुरेंद्र पंचौली को गगनचुम्बी बहुमंज़िला बिल्डिंग्स के अवैध निर्माण नज़र नहीं आ रहे।डॉ राजेन्द्र प्रसाद नगर ए के कॉर्नर पर स्थित प्लॉट नम्बर 347 एवम 348 में जिस गति से अवैध निर्माण हो रहा है अपने आप में एक सवालिया निशान है शासन और प्रशासन पर। एक तो ज़ीरो सेट बैक ऊपर से रैम्प के नाम पर आधी से ज़्यादा सड़क को और कवर कर लेना अपने आप में एक अपराध है जो कि प्रत्यक्ष दिखाई दे रहा है फिर भी जेडीए द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही।

एक तरफ जहाँ ऐसी बिल्डिंग्स के फ़्लैट्स या शो रूम्स के बेचान से प्राप्त होने वाली आय का एक हिस्सा नियमानुसार इनकमटैक्स, जेडीए और राजस्व विभाग में जाना चाहिए उसके ठीक विपरीत केवल और केवल बिल्डर्स और जेडीए के भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों की चाँदी हो रही है। भूखण्ड पुनर्गठन, भू-रूपान्तरण नहीं करवाये बिना बड़े-बड़े प्रोजेक्ट खड़े हो रहे हैं। प्रवर्तन शाखा पूरी की पूरी भ्रष्ट होकर काम कर रही है। आँख,नाक और कान बन्द रखने का भुगतान होते ही गूँगी, बहरी और अपाहिज़ बन बैठी है और बिल्डर्स को पूरा का पूरा भ्रष्ट सिस्टम सपोर्ट कर रहा है।स्थानीय विधायक और पार्षद का सहयोग भी इसी तरह प्राप्त होता रहता है इन बिल्डर्स को इसीलिए कोई कार्यवाही नहीं हो रही।

### केस न.02



बिल्डिंग बायलॉज के नियमों की अवहेलना के साथ-साथ सड़क पर अतिक्रमण




पीआरएन साउथ भूखण्ड संख्या 108 से लेकर 112 और 123 से लेकर 127 तक ,गणेश नगर बी,मैसर्स स्टूडियो रियल्टी वन के नाम से आवासीय कॉलोनी में कॉमर्शियल बिल्डिंग बन रही है।बिल्डिंग बायलॉज के नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुए सीना ताने खड़ी यह बिल्डिंग जेडीए के प्रशासन को कटघरे में खड़ा करती है। कहने को जयपुर विकास प्राधिकरण से नक्शा अनुमोदित का बोर्ड लगा रखा है पर इस अनुमोदित नक़्शे की वास्तविकता कितने खरी और सच्ची है यह जाँच का विषय है। हालांकि बिना शासन-प्रशासन की मिलीभगत के गगनचुंबी इमारतों का निर्माण इतने अवैध तरीके से सम्भव ही नहीं है। प्रवर्तन अधिकारी सुरेंद्र पंचोली की कार्य प्रणाली साफ नजर आती है जब इन अवैध बिल्डिंग्स पर कार्यवाही नहीं होती? स्थानीय विधायक और पार्षद अपने वोट बैंक की ख़ातिर एकदम चुप्पी साधे बैठे होते हैं या अपना हिस्सा लेकर मस्त हो जाते हैं क्योंकि यह समझ नहीं आता है कि विधायक और पार्षद इतने गम्भीर मुद्दे पर आवाज़ क्यो नहीं उठाते हैं और किस वजह से कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं देते है? क्या वजह होती है इनके ख़ामोश रहने की।

### शिविर में 205 यूनिट रक्त का संग्रहण



## कर्मचारी नेता शर्मा की याद में जलनायकों ने किया रक्तदान

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। राजस्थान इंटक फेडरेशन के कर्मचारी नेता स्व. मांगीलाल शर्मा की 30 पुण्यतिथि पर बुधवार को जवाहर नगर के जनपयोगी भवन में रक्तदान शिविर व श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया गया। शिविर में कर्मचारियों ने 205 यूनिट रक्तदान किया। आयोजक व पीएचईडी इंटक के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत व संरक्षक जगदीश शर्मा, जिला अध्यक्ष ताराचंद सैनी ने बताया कि पहले रक्तदान शिविर स्थल पर ही श्रद्धांजलि सभा भी हुई। सभा में पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी, भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, राजस्थान इंटक के प्रदेशाध्यक्ष व श्रम राज्य मंत्री जगदीश राज श्रीमाली, नगर निगम हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर भी शामिल हुए।

कार्यक्रम में जलदाय अभियंताओं के साथ ही कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर ऑटो टैक्सी इंटक यूनियन के अध्यक्ष फूलचंद गुर्जर, उमराव कुरैशी जलदाय इंटक के महामंत्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी, प्रदेश सलाहकार रामाशंकर गुर्जर उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत ने बताया कि रक्तसंग्रहण जयपुर के सवाई मान सिंह हॉस्पिटल ब्लड बैंक व सोनी हॉस्पिटल व अन्य की सहयोग से रक्त संग्रहण किया गया।






### मिस राजस्थान-2023 का फिनाले वीक

## अवॉर्ड व क्रॉउन रिवील सेरेमनी में मॉडल्स ने दिखाया कॉन्फिडेंस



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। जीवन की हर इच्छा को कंप्लीट करना चाहिए। उसके लिए सही ढंग से और सही तरीके से प्रयास करने चाहिए। अपने पैशन और डेडीकेशन के साथ फैमिली और पेरेंट्स का फुल सपोर्ट लेकर कार्य करना चाहिए।

इससे आप किसी को दुखी किए बगैर ड्रीम कंप्लीट कर सकें और एक बार जो डिसाइड कर लिया उस कार्य के पीछे पड़ जाना चाहिए। तभी आप सक्सेज पा सकते हैं। यह कहना था फ्यूजन ग्रुप द्वारा संडे होटल के सहयोग से आयोजित ब्यूटी पेजेंट मिस राजस्थान के 5वें दिन फर्स्ट इंडिया व भारत-24 के सीएमडी जगदीश चन्द्र का। उन्होंने फाइनलिस्ट के साथ सक्सेस स्टोरी शेयर की।

आयोजक योगेश व निमिषा मिश्रा ने बताया कि इवनिंग इवेंट में सबटाइटल अवॉर्ड व क्राउन रिवर सेरेमनी का आयोजन संडे होटल में किया गया।

गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में राज बंसल, पवन गोयल, जेडी महेश्वरी, मुदित शर्मा, अंशुल जैन, गुलाबी रसोई से देवांशु जैन, वासु जैन, संडे होटल जनरल मैनेजर अतुल शर्मा, करण नागपाल, अजय सिंह मीना, दिवा एंड डेबोनियर की डायरेक्टर मीनाक्षी सोलंकी, प्रशांत कुमार पोद्दार, अरशद हुसैन, रोटरी क्लब साउथ की प्रेसिडेंट निर्मला सेवानी आदि उपस्थित रहे। सबटाइटल ब्यूटी प्रजेंट में गर्ल्स को निखारने का कार्य करते हैं। ऐसे में सेरेमनी के दौरान मुख्य ताज और टाइटल की चमक और कॉन्फिडेंस मॉडल्स की आंखों में दिखाई दी।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, एवं मुद्रक शालिनी श्रीवास्तव के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मुद्रित एवं प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004 (राजस्थान) से प्रकाशित।
**संपादक :** शालिनी श्रीवास्तव **सह-संपादक:** हरीश श्रीवास्तव, छबड़ा बारां **सह-संपादक :** कुलदीप गुप्ता, जयपुर मो.: 9460678701, 7976561127 (21 जून 2014 से निरन्तर प्रकाशित) hillviewsamachar@gmail.com (राजस्थान सरकार से विज्ञापन हेतु स्वीकृत)